संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 07 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 238 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



भारत मंडपम में लगी 27 फुट की नटराज प्रतिमा, 12 करोड़ और 7 महीने में तैयार हुई।

## फास्ट न्यूज

### जी20 : दिल्ली मेट्रो 8 से 10 सितंबर तक सुबह 4 बजे से चलेगी

**नई दिल्ली :** दिल्ली मेट्रो ने जी20 शिखर सम्मेलन के लिए विशेष व्यवस्था की है। जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर आठ, नौ और 10 सितंबर को मेट्रो नेटवर्क की सभी लाइनों के टर्मिनल स्टेशनों से सुबह 4.00 बजे से शुरू होंगी। सभी लाइनों पर 6:00 बजे तक हर आधे घंटे में मेट्रो ट्रेन सेवा उपलब्ध होगी। इसके बाद मेट्रो ट्रेनें सामान्य तौर पर चलेंगी।

### हिमाचल-उत्तराखंड के लिए 1164.53 करोड़ की मंजूरी

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में औद्योगिक विकास से जुड़ी केंद्रीय योजना के तहत 1164.53 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जारी करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पहाड़ी राज्यों में औद्योगिक विकास योजना 2017 के तहत अतिरिक्त फंड जारी किए जाने को मंजूरी प्रदान की। इससे 2028-29 तक केन्द्र की प्रतिबद्धता से जुड़ी देनदारी पूरी होगी।

**कैबिनेट : बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम योजना, ऊर्जा भंडारण क्षमता में होगा इजाफा :** केंद्र सरकार देश की ऊर्जा भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम योजना लेकर आई है। इसका मकसद नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा के भंडारण की क्षमता को बढ़ाना है।

# 'सनातन धर्म' बयान पर थम नहीं रहा हंगामा

## इस मुद्दे का जवाब तथ्यों के आधार पर दिया जाना चाहिए, उचित प्रतिक्रिया की जरूरतः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन की सनातन धर्म को लेकर की गई टिप्पणी पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उचित प्रतिक्रिया की जरूरत है। पीएम मोदी ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कहा कि इस मुद्दे का जवाब तथ्यों के आधार पर दिया जाना चाहिए। उन्होंने 'इंडिया' और 'भारत' को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए कि जो लोग भी इसके लिए अधिकृत हैं, सिर्फ वे ही इस मसले पर बयान दें। दरअसल, उदयनिधि स्टालिन ने नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निमंत्रण न दिए जाने को सनातन धर्म के अनुयायियों द्वारा भेदभाव का एक उदाहरण बताया था। इसके एक दिन बाद पीएम मोदी का बयान सामने आया है।

दरअसल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने बीते शनिवार को बेहद आपत्तिजनक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म बीमारी की तरह है। इसलिए इसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने इसकी तुलना मलेरिया और डेंगू से की थी। तमिलनाडु में 'संतानम उन्मूलन सम्मेलन' आयोजित किया गया था। इसी दौरान वे बोल रहे थे।



### 'सनातन का विरोध करने वाले खत्म हो गए'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** हिंदू परिषद और अखाड़ा परिषद ने कांग्रेस, माकपा और द्रमुक नेताओं की ओर से सनातन धर्म के विरोध में अभद्र भाषा प्रयोग करने पर चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि यह राजनीतिक स्वार्थ के तहत समाज को बांटने और विभिन्न वर्गों में एक दूसरे के प्रति घृणा और शत्रुता बढ़ाने का बेईमान प्रयास है।

साथ ही यह स्वस्थ लोकतंत्र और संविधान पर विश्वास रखने वाले लोगों के लिए एक चुनौती है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती तथा विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने आज एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया। उन्होंने कहा कि यह एक बीमार मानसिकता है कि अल्पसंख्यक वोटों के लिए बहुसंख्यक धार्मिक समुदाय की आस्था को चोट करके उसके प्रति घृणा और अविश्वास का वातावरण पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

**माफी मांगने से किया इनकारः** उदयनिधि ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है। उन्होंने बार-बार कहा है कि वह अपनी टिप्पणियों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों की मानें तो उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए तमिलनाडु के राज्यपाल से मंजूरी लेने की कोशिश की जा रही है। भाजपा ने मंत्री की टिप्पणी को लेकर दावा किया कि यह नरसंहार के आह्वान के बराबर है। वहीं उन्होंने कहा कि सनातन धर्म प्रत्येक जीव के अंदर विराजमान ईश्वर के दर्शन करता है। यह मनुष्य मात्र की दिव्यता और समानता में विश्वास रखता है। सब के सुख की कामना करता है। 800 सालों तक मुगलों के आक्रमण और अत्याचार 200 सालों तक अंग्रेजों के शासन और मिशनरी प्रयासों के बावजूद भारत का बहुसंख्यक समाज सनातन धर्म पर विश्वास रखता है।

**बवाल**

उदयनिधि के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए राज्यपाल से मंजूरी लेने की कोशिश की जा रही है






# जी20 में बाहुबली के माहिष्मती जैसी सुरक्षा, जवान मुस्तैद

## पांच स्तरीय घेरे में हर 100 मी. पर कमांडो, 360 डिग्री डिफेंस का चक्रव्यूह, एयरपोर्ट से ही विदेशी मेहमानों को पांच स्तरीय सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने 18वें 'जी20' शिखर सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों की अचूक सुरक्षा की रिहर्सल पूरी कर ली है। 'मल्टीलेयर सिक्योरिटी सिस्टम' में जिन स्थानों पर बदलाव की जरुरत महसूस की गई, उसमें सुधार कर लिया गया है। जी20 सम्मेलन के लिए जो सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है, वह बिल्कुल हिंदी मूवी 'बाहुबली' की 'महिष्मती' जैसा है। पांच स्तरीय सुरक्षा घेरे में हर 100 मीटर पर कमांडो तैनात रहेंगे। एयरपोर्ट से लेकर होटल, प्रगति मैदान स्थिल आयोजन स्थल, राजघाट एवं दूसरी ऐसे स्थान, जहां पर विदेशी मेहमान जा सकते हैं, उन सभी जगहों पर 360 डिग्री डिफेंस का चक्रव्यूह तैयार किया गया है। जहां से भी विदेशी मेहमानों का काफिला निकलेगा, वहां दिल्ली पुलिस के अलावा केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात होंगे।

### दिल्ली के 23 होटलों में ठहरेंगे विदेशी मेहमान

**दिल्ली** के 23 तो एनसीआर के 9 होटलों में विदेशी मेहमानों को ठहराया जाएगा। जिन जगहों पर विदेशी मेहमान ठहरेंगे, उनमें जाकिर हुसैन मार्ग स्थित दा ओबराय, इंपीरियल कनॉट प्लेस, सरदार पटेल मार्ग स्थित आईटीसी मोर्या, मान सिंह रोड़ स्थित ताज महल, दा लीला पैलेस चाणक्यपुरी, ताज पैलेस एसपीएम मार्ग, अशोक होटल चाणक्यपुरी, ललित बाराखंबा रोड, शांगरीला कनॉट प्लेस, हयात रीजेंसी बीकाजी कामा प्लेस, ली मेरिडन कनॉट प्लेस, दा लोधी सीजीओ काम्पलेक्स, विवांता ताज द्वारका, शेरेटन साकेत, दा सूर्या न्यू फ्रेंड्स कालोनी, पुलमैन एयरोसिटी, अंदाज एयरोसिटी, रोजेट एयरोसिटी, जेडब्लू मेरियट एयरोसिटी, इरोस नेहरु प्लेस, रेडिशन ब्लू प्लाजा महिपालपुर, क्लेरिज 30 जनवरी मार्ग, लीला एंबिएन्स गुरुग्राम, ट्राइडेंट गुरुग्राम, दा ओबराय गुरुग्राम, ताज सिटी सेंटर गुरुग्राम, हयात रीजेंसी गुरुग्राम, आईटीसी ग्रांड भारत गुरुग्राम, वेस्टइन गुरुग्राम, दा लीला एंबिएंस कन्वेंशन शाहदरा, विवांता सूरजकुंड और क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा शामिल हैं।

**एयरपोर्ट से होटल तक विशेष ग्रीन कॉरिडोर:** सूत्रों के मुताबिक, एयरपोर्ट से ही विदेशी मेहमानों को पांच स्तरीय सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी। एयरपोर्ट से होटल तक विशेष ग्रीन कॉरिडोर तैयार किया गया है। उस कॉरिडोर पर मेहमानों के अलावा दूसरे किसी भी व्यक्ति का वाहन नहीं चलेगा। होटल से आयोजन स्थल तक के रूट और दूसरी जगहों के लिए एनएसजी कमांडो, अर्धसैनिक बलों और दिल्ली पुलिस के दस्ते तैनात किए गए हैं। कुछ जगहों पर सेना के जवान भी तैयारी की मुद्रा में रहेंगे। सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी जवानों को उन रूटों पर तैनात किया गया है, जहां से जी20 में आने वाले राष्ट्रध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों का काफिला गुजरेगा। सूत्रों ने बताया, पांच स्तरीय सुरक्षा घेरा ऐसा रहेगा कि वहां कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। किसी भी तरह के ड्रोन हमले को नाकाम बनाने के लिए विशेष शूटर तैनात किए गए हैं।

**'बैलिस्टिक' शील्ड वाले 'सेफ' हाउस:** सुरक्षा जानकारों के मुताबिक, सभी राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों की सिक्योरिटी के हर पहलू को ध्यान में रखा गया है। सभी मेहमानों के लिए बुलेटप्रूफ गाड़ियां रहेंगी। विभिन्न देशों के 32 काफिले (कारकेड) चलेंगे। कई देश अपने साथ गाड़ियां भी ला रहे हैं। इनमें अमेरिका, चीन, फ्रांस, टर्की, यूएई और यूरोपियन संघ शामिल हैं। प्रगति मैदान में आयोजन स्थल के साथ ही एक हेलीपैड बनाया गया है। आपात स्थिति में एनएसजी के ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। एनएसजी को एक जगह से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए चौपर की व्यवस्था रहेगी। 360 डिग्री डिफेंस प्रदान करने के लिए उन सभी जगहों पर 'बैलिस्टिक' शील्ड वाले सेफ हाउस बनाए गए हैं, जहां विदेशी मेहमान पहुंचेंगे। इसका मकसद है कि आपात स्थिति में विदेशी मेहमानों को कुछ समय के लिए 'बैलिस्टिक' शील्ड वाले सेफ हाउस में ठहराया जा सके। उस पर गोलियां का कोई असर नहीं होता।

**सेफ्टी फर्स्ट**

> पांच स्तरीय सुरक्षा घेरे में हर 100 मीटर पर कमांडो तैनात रहेंगे, 360 डिग्री होगी मेहमानों की सुरक्षा

### आईबी ने किया है होटलों का सिक्योरिटी ऑडिट



**'जी20'** शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचने वाले मेहमानों की आवाजाही के लिए अलग अलग टाइम स्लॉट तय किया गया है। इस सम्मेलन में 19 देशों के राष्ट्र अध्यक्ष और सरकार के प्रमुख भाग लेंगे। इसके अलावा यूरोपीय संघ भी इस सम्मेलन में शिरकत करेगा। साथ ही नौ देशों के प्रमुख, बतौर अतिथि देश, जी20 की बैठक में हिस्सा लेंगे। विदेशी मेहमानों को ठहराने के लिए खुफिया एजेंसी 'आईबी' ने दिल्ली और एनसीआर के अनेक होटलों का सिक्योरिटी ऑडिट किया है। सुरक्षा के हर एंगल को ध्यान में रखते हुए 32 होटलों का नाम सूची में शामिल किया गया है। विदेशी मेहमानों को जिस भी होटल में ठहराया जाएगा, वहां से आयोजन स्थल तक पहुंचने में उन्हें पचास मिनट से ज्यादा समय नहीं लगेगा। इस टाइम स्लॉट में सभी मेहमान शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से कई रूट तय किए गए हैं। होटल से लेकर राजघाट तक सभी काफिले, तीस मिनट में पहुंच जाएंगे।

**होटल के बाहर तैनात होंगे तीन दस्ते:** जहां पर भी राष्ट्र अध्यक्ष या प्रधानमंत्री ठहरेंगे, वहां की सुरक्षा किसी एक एजेंसी के हाथ में नहीं रहेगी। कम से कम तीन एजेंसियों को वह जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जैसे रात के समय दिल्ली पुलिस के साथ सीएपीएफ का दस्ता मौजूद रहेगा। इनके अलावा एनएसजी कमांडो भी तैनात रहेंगे। रूट के दौरान भी अलग-अलग सुरक्षा बलों की टीम मौजूद रहेगी। नाइट हाल्ट, रूट, राजघाट और बैठक स्थल पर कई बलों को सुरक्षा का ज़िम्मा दिया गया है। चीन के प्रधानमंत्री ताज पैलेस होटल में ठहरेंगे, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक होटल शांगरी-ला में रुकेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों क्लेरिजेस होटल में ठहरेंगे तो वहीं आस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज के लिए होटल इंपीरियल बुक कराया गया है। किस मेहमान को कौन सा भोजन परोसा जाएगा, वह लिस्ट पहले अमेरिकी सहित दूसरे मुल्कों की सुरक्षा एजेंसियों के साथ साझा की जाती है। आईबी की सलाह पर यह तय किया गया है कि कौन सा मेहमान किस होटल में ठहरेगा।

**प्रगति मैदान के बाहर तैनात रहेंगे 1300 जवान:** प्रगति मैदान में दिल्ली पुलिस के साढ़े चार हजार जवान तैनात रहेंगे। खास बात ये है कि इनमें से कोई भी वर्दी में नहीं होगा। वे सभी जवान सूट बूट में होंगे और उनकी आंखों पर काला चश्मा रहेगा। इन जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने 1300 जवानों को प्रगति मैदान के बाहर तैनात करने की योजना बनाई है। दिल्ली पुलिस के ऐसे जवान, जिन्हें प्रगति मैदान के बाहर तैनात किया जाएगा, वे सभी वर्दी में रहेंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस के 400 जवान, प्रगति मैदान और उसके आसपास रहेंगे। दिल्ली पुलिस की साढ़ चार सौ पीसीआर, विभिन्न जगहों पर तैनात होंगी। साथ ही पचास से अधिक एंबुलेंस और अग्निशमन की गाड़ियां भी आयोजन स्थल के आसपास खड़ी रहेंगी। प्रगति मैदान स्थित आयोजन स्थल एवं दूसरी जगह पर तैनात सुरक्षा कर्मी, अपनी एक्टिव ड्यूटी से इधर-उधर न हों, तैनाती का स्थान न बदलें, इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस 'एआई' के जरिए उन पर दोहरी निगरानी रखी जाएगी। कारकेड के दौरान 14 देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की हिफाजत की जिम्मेदारी सीआरपीएफ के जांबाज कमांडो संभालेंगे। सीआरपीएफ द्वारा ग्रेटर नोएडा स्थित, वीआईपी सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर में लगभग 950 सूट बूट वाले 'रक्षकों' का विशेष दस्ता तैयार किया गया है।

# कांग्रेस निगम पार्षदों ने नवनियुक्त अध्यक्ष लवली से मुलाकात की

**एकजुट**

> निगम पार्षदों ने विश्वास दिलाया कि हम सब मिलकर दिल्ली की बेहतरी के लिए काम काम करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली कांग्रेस सभी निगम पार्षदां ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली से उनके निवास पर मुलाकात की। निगम पार्षदों ने विश्वास दिलाया कि हम सब मिलकर दिल्ली की बेहतरी के लिए काम काम करेंगे।

मिलने वाले निगम पार्षदों ने नाजिया दानिश, मंदीप सिंह, शीतल, कु0 अरीबा खान, शगुफ्ता चौधरी, हाजी जरीफ, समीर अहमद, सबिला बेगम और नाजिया खातून शामिल थीं।


दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल और दिल्ली नगर निगम के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार भी मौजूद थे।

# तस्वीर वायरल करने की धमकी देकर कर रहा था ब्लैकमेल, काबू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** उत्तर पूर्वी दिल्ली से नाबालिग लड़की को धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपित नाबालिग की अश्लील तस्वीर सोशल मीडिया में वॉयरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था। शिकायत मिलने पर एएटीएस की टीम ने उप्र के मेरठ से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से ब्लैकमेलिंग में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान उप्र के मेरठ निवासी 22 वर्षीय मोहित शर्मा के तौर पर हुई है।

# टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई 11 को



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के मामले में जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करने का आदेश दिया। जगदीश टाइटलर के वकील ने सुनवाई टालने की मांग की, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। टाइटलर के वकील ने कहा कि जिन दलीलों के आधार पर उनको जमानत मिली थी, अब सीबीआई उन दलीलों को अपनी नई चार्जशीट में खारिज कर रही है। 29 अगस्त को सीबीआई ने अपना जवाब दाखिल किया था। सीबीआई ने कहा था कि मामले में चार्जशीट से जुड़े जरूरी दस्तावेज टाइटलर के वकील को दे दिया गया है। सुनवाई के दौरान दंगा पीड़ित पक्ष के वकील ने कहा था कि मामले की सुनवाई तेजी से होनी चाहिए, ये मामला दशकों से लंबित है। दरअसल, जगदीश टाइटलर की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर मामले में 1984 से 2023 तक के सारे दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके पहले 10 अगस्त को कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत दी थी। जगदीश टाइटलर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअली कोर्ट में पेश होने की इजाजत मांगी थी। जगदीश टाइटलर 5 अगस्त को कोर्ट में पेश हुए थे और अपना बेल बांड भरा था। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 5 अगस्त को कोर्ट के बाहर जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत देने के कोर्ट के आदेश पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया था। चार अगस्त को राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत दी थी। स्पेशल जज विकास ढल ने एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया था। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने 26 जुलाई को जगदीश टाइटलर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

**आदेश**

> एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करने का आदेश दिया

# इंडिगो ने यात्रियों को जी-20 के दौरान उड़ानें रद्द होने की जानकारी दी

**नई दिल्ली: इंडिगो ने यात्रियों** को जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर उड़ानें रद्द होने के बारे में सूचित कर दिया है। एयरलाइन ने बुधवार को यह जानकारी दी है।

इंडिगो ने यहां जारी एक बयान में बताया कि नई दिल्ली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर इंडिगो 8 से 11 सितंबर, 2023 के बीच दिल्ली से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए एक बार की छूट की पेशकश कर रहा है। कंपनी ने कहा कि ग्राहकों को पैसे वापस लेने के साथ ही उड़ानें पुनर्निर्धारित या रद्द करने का विकल्प दिया जा रहा है। एयरलाइन ने जी-20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर यात्रियों को उड़ान रद्द होने और समय-सारणी में बदलाव के बारे में पहले से ही सूचित कर दिया है। हालांकि, इसमें उन उड़ानों की संख्या की जानकारी नहीं दी है, जिनके प्रभावित होने की आशंका है। गौरतलब है कि जी-20 शिखर सम्मेलन नौ और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा।

# सेवानिवृत्त जज के लिए कूलिंग ऑफ पीरियड मांग वाली याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** किसी भी संवैधानिक अदालत से सेवानिवृत्त होने वाले जज द्वारा राजनीतिक नियुक्ति से पहले दो साल की कूलिंग ऑफ पीरियड की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली बेंच ने बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन की याचिका खारिज करते हुए कहा कि क्या एक सेवानिवृत्त जज को कोई पद स्वीकार करना चाहिए, इसे संबंधित जज के विवेक पर छोड़ देना चाहिए या सरकार को इसपर एक कानून बनाना होगा। इस मामले पर संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट अपनी शक्तियों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। कोर्ट में याचिकाकर्ता द्वारा याचिका में आंध्रप्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किए गए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस एस अब्दुल नजीर के विशेष उल्लेख को सार्वजनिक हित पर भी आपत्ति जताते हुए कहा कि आप नहीं चाहते कि कोई व्यक्ति विशेष राज्यपाल बने। इसीलिए आपने यह याचिका दाखिल की है। दरअसल, बांबे लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा न्यायपालिका की स्वतंत्रता, कानून के शासन और लोकतांत्रिक सिद्धांत एवं भारतीय संविधान के मूल उद्देश्य के लिए किसी भी संवैधानिक अदालत से सेवानिवृत्त हुए जज को किसी राजनीतिक पद पर जाने के लिए 2 साल का कूलिंग पीरियड दिए जाने की मांग की गई थी।

**सुप्रीम सुनवाई**

> क्या एक सेवानिवृत्त जज को कोई पद स्वीकार करना चाहिए, इसे संबंधित जज के विवेक पर छोड़ देना चाहिए

# मानहानि: कोर्ट में पेश नहीं हुए बजरंग पुनिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के पटिया**ला हाउस कोर्ट ने कुश्ती कोच नरेश दहिया की ओर से दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले पर सुनवाई के लिए आज पहलवान बजरंग पुनिया कोर्ट में पेश नहीं हुए। कोर्ट ने पुनिया को आज पेशी से छूट दे दी। मामले की अगली सुनवाई 14 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान बजरंग पुनिया की ओर से पेश वकील ने कहा कि पुनिया को बुखार है और वो कोर्ट नहीं आ सकते हैं। उन्होंने कोर्ट से पेश से छूट देने की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। 3 अगस्त को कोर्ट ने बजरंग पुनिया को समन जारी किया था। कोर्ट ने बजरंग पुनिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत आपराधिक मानहानि के मामले में समन जारी किया था। कोच नरेश दहिया ने अर्जी में कहा है कि बजरंग पुनिया ने 10 मई को जंतर-मंतर पर एक प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाए थे। इन आरोपों के जरिये उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। याचिका में कहा गया है कि बजरंग पुनिया के सात कुछ महिला पहलवान धरने पर बैठे थे।

# जी20: मेहमानों के स्वागत में कई किस्म के फूलों से सजी दिल्ली




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पूरी** दुनिया से आ रहे विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए दिल्ली को दुल्हन की तरह सजाया-संवारा जा रहा है। इसके लिए साफ-सफाई के साथ-साथ उनकी सजावट पर भी खूब काम किया जा रहा है। जी 20 के लिए आ रहे मेहमानों को एयरपोर्ट से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल भारत मंडपम और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल राजघाट पर जाना है। इन सभी स्थानों पर मेहमानों के स्वागत के लिए रास्ते के दोनों ओर खूबसूरत फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं। इससे हरियाली के साथ-साथ सुंदरता भी खूब दिखाई पड़ेगी। इनमें सजावटी फूलों के साथ अपनी सुगंध के लिए विख्यात गुलाब के पौधे भी शामिल हैं जिन्हें विशेष तौर पर थाईलैंड और जापान से मंगाया गया है। लगभग चार हजार प्रकार के पौधों को विदेशी मेहमानों के स्वागत के लिए जगह-जगह पर लगाया गया है। यह पूरा कार्यक्रम तीन दिनों तक का है, और अन्य कार्यक्रमों को लेकर पूरे एक सप्ताह तक विदेशी मेहमानों का जमावड़ा दिल्ली में बना रहने वाला है। यही कारण है कि मार्गों की सजावट के लिए ऐसे विशेष फूलों-सजावटी पौधों को उपयोग में लाया जा रहा है जो लंबे समय तक तरोताजा बने रहें। विशेष रूप से पेरीविंकल कैटेगरी के सजावटी फूलों, जिन्हें हिंदी में सदाबहार या सदासुहागन कहा जाता है, से विभिन्न मार्गों को सजाया जा रहा है जो लंबे समय तक अपनी चमक और खुशबू बरकरार रखते हैं।

यानी पूरे कार्यक्रम में विदेशी मेहमानों को सुगंधित और आकर्षक वातावरण देने की तैयारी है।

**ये स्थल रहेंगे खास:** दरअसल, पूरी दुनिया से आने वाले सभी मेहमान दो प्रमुख स्थलों पर अवश्य जाएंगे। इसमें से एक है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि राजघाट जहां सभी मेहमान राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे। दूसरा सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान वह कार्यक्रम स्थल भारत मंडपम है जहां ज्यादातर प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। यही कारण है कि इन दो स्थलों को सबसे ज्यादा सजाने पर धयान दिया जा रहा है।

**ये सजावटी पौधे होंगे खास:** सजावट में पूरी तरह एकरूपता रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। देसी गेंदे का फूल, लाल गुलमोहर, नीली गुलमोहर, सजावटी रुक्मणी का पौधा, अमलतास, बोगेनवेलिया, केलोसिया, गुलमेंहदी और हरी घास का एहसास देने वाले सजावटी पौधे इस पूरे मार्ग पर दोनों ओर लगाए जाएंगे जिससे इन स्थलों का दृश्य अत्यंत मनोरम दिखाई पड़ेगा।

**महकेगी दिल्ली**

> मेहमानों के स्वागत के लिए रास्ते के दोनों ओर खूबसूरत फूल-पौधे लगाए जा रहे हैं

# बृजभूषण पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला टला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर दर्ज पॉक्सो मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट पर फैसला टाल दिया है। एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर ने 6 अक्टूबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 1 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान पीड़ित नाबालिग पहलवान और उसके पिता ने पुलिस की जांच पर संतोष जताया था। नाबालिग पहलवान और उसके पिता दोनों ने इन-कैमरा बयान दर्ज कराया। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा कोई और उपस्थित नहीं होता है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए 4 जुलाई को शिकायतकर्ता नाबालिग पहलवान को नोटिस जारी किया था।

दिल्ली पुलिस ने 15 जून को पटियाला हाउस कोर्ट में रिपोर्ट दाखिल कर बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दी थी। दिल्ली पुलिस ने नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।

**सुनवाई**

> एडिशनल सेशंस जज छवि कपूर ने 6 अक्टूबर को फैसला सुनाने का आदेश दिया

# वार्ता-मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला (मनीष कुमार)** प्रेस सूचना ब्यूरो, चंडीगढ़ ने अंबाला, हरियाणा में एक मीडिया कार्यशाला-वार्तालाप का आयोजन किया। शासन, शिक्षा नीतियों और सामाजिक विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में व्यावहारिक चर्चाएं और आकर्षक संवाद देखने को मिले। कार्यक्रम की शुरूआत पीआईबी चंडीगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक राजिंदर चौधरी के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने सरकार के नौ वर्षों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति भी दी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ह्लपिछले नौ वर्षों में, हमारी सरकार सेवा, सुशासन और हमारे नागरिकों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ रही है। हमने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय





प्रगति देखी है और सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की यह यात्रा अटूट संकल्प के साथ जारी है। हमारे देश की विकास यात्रा प्रगति की एक प्रेरक कहानी है। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विस्तार से लेकर स्मार्ट शहरों की स्थापना तक, हम विकास के उस रास्ते पर चल पड़े हैं जो न केवल हमारी अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाता है बल्कि हमारे लाखों नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाता है। स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ने 'स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी योजनाओं' पर अपने संबोधन के दौरान बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और सेवाओं में सुधार के लिए सरकार की पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ह्लस्वास्थ्य क्षेत्र में हमारी सरकार की पहल का उद्देश्य सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। हम नवीन योजनाओं और सेवाओं के माध्यम से अपने नागरिकों की भलाई बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। एसडी विद्या स्कूल, अंबाला कैंट की शिक्षिका धनेश्वरी शर्मा ने अपने स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कौशल पाठ्यक्रमों को अपनाने में जमीनी स्तर पर बदलाव, करियर चुनने में कई विकल्प, शिक्षा का व्यवसायीकरण, अनुभवात्मक शिक्षण अनुभव आदि पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सफलता के बारे में विस्तार से बताया। एक अन्य शिक्षक, सुश्री भारती सहगल भी उपस्थित थीं और उन्होंने इसका विवरण साझा किया। एनईपी 2020 की सफलता अंबाला के जिला प्राथमिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) श्री सुधीर कालरा ने 'एनईपी 2020 के कार्यान्वयन में सरकारी प्रयासों' पर बात की। उन्होंने कहा, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में हमारे प्रयास एक अधिक समावेशी शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में हैं।

# आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में योगीराज श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता पर आधारित नाटक का आयोजन किया गया । छात्रों ने श्रीकृष्ण व सुदामा की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की समस्त प्रबन्धक समिति मौजूद रही। विद्यालय की प्रबन्धक समिति के मैनेजर रामपाल जागलान ने कहा कि कृष्ण सुदामा और सुदामा की दोस्ती एक मिसाल है। जब कृष्ण बालपन में ऋषि संदीपन के यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे थे तो उनकी मित्रता सुदामा से हुई थी। कृष्ण एक राजपरिवार में और सुदामा ब्राह्मण परिवार में पैदा हुए थे। परंतु दोनों की मित्रता का गुणगान पूरी दुनिया करती है। शिक्षा.दीक्षा समाप्त होने के बाद श्रीकृष्ण राजा बन गए वहीं दूसरी तरफ सुदामा के बुरे दौर की शुरूआत हो चुकी थी। श्रीकृष्ण का अपने मित्र सुदामा के प्रति अनन्य प्रेम को दशार्ता हैए इसीलिए श्रीकृष्ण और सुदामा की दोस्ती की मिसाल दी जाती है।
आर्य समाज जिस कृष्ण को मानता हैए वे आप्त पुरुष हैण

**मित्रता**

⏩ आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में योगीराज श्री कृष्ण व सुदामा की मित्रता पर आधारित नाटक आयोजित

इस विषय में महर्षि दयानंद ने जो विचार भगवान् कृष्ण के लिए प्रस्तुत किये है वह देखने योग्य हैण सत्यार्थ प्रकाश के एकादश समुल्लास में वे लिखते है द श देखो! श्रीकृष्ण जी का इतिहास महाभारत में अत्युत्तम है। उन का गुणए कर्मए स्वभाव और चरित्र आप्त पुरुषों के सदृश है। जिस में कोई अधर्म का आचरण श्रीकृष्ण जी ने जन्म से मरणपर्य्यन्त बुरा काम कुछ भी किया हो ऐसा नहीं लिखा। इस अवसर पर प्राचार्य मनीष घनगस ने बताया कि योगीराज श्रीकृष्ण व सुदामा का संबध बचपन से था लेकिन जीवन के अलग अलग पथों पर चलने के बावजूद वे कभी भी अपनी मित्रता को नहीं भूले लेकिन आजकल मित्रता केवल अपने स्वार्थ पर ही निर्भर रह गई है।

# नेपाली हरितालिका तीज का आयोजन 18 सितंबर को

**तैयारी**

⏩ जल्द ही अंबाला शहर में पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.)नेपाली संस्था की मासिक बैठक महासचिव रिटा पटेल व अध्यक्ष गणेश पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई । मंच संचालन करते हुए जिला संपर्क प्रमुख माधव गौतम ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर समाज के बीच में अहम चर्चा की । प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी ने बताया कि जल्द ही अंबाला शहर में पशुपतिनाथ मंदिर एवं धर्मशाला बनाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और आने वाली 18 सितंबर को नेपाली हरितालिका तीज हर वर्ष की भांति मून पैलेस में सुबह 10 बजे से लेकर शाम के 7 बजे तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं पार्षद गण मौजूद रहेंगे ।संस्था उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने बताया संस्था को चलाते हुए लगभग 3 वर्ष हो चुके हैं और हमारे संगठन के सभी सदस्य दिन-रात समाज सेवा में लगे रहते हैं व आज की बैठक में विष्णु न्यौपाने , ज्ञान बहादुर नेपाली, हेमलता ,मंजु,तारा बहादुर ,जीबा, इन सभी सदस्यों का संस्था में जुड़ने पर दिल से धन्यवाद करता हूं । संस्था के कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा में सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है बैठक में मंदिर निर्माण के कार्य को लेकर सभी सदस्यों ने अपने अलग-अलग विचार रखें । जिन विचारों को सुनकर संस्था अध्यक्ष गणेश पटेल ने निर्णय लिया कि सभी सदस्यों के विचारों को अमल किया जाएगा और जल्द ही सभी सदस्य व आम जनता के सहयोग से श्री पशुपतिनाथ मंदिर का भव्य निर्माण किया जाएगा ।अंत में सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.)नेपाली संस्था महासचिव रिटा पटेल ने बैठक में उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी , पंजाब संपर्क प्रमुख सोनू के सी , अध्यक्ष गणेश पटेल ,उपाध्यक्ष कृष्ण लाल , कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा,मुख्य सलाहकार चमनलाल वोहरा , जिला संपर्क प्रमुख माधव गौतम, परिवार संपर्क प्रमुख प्रेम के सी व अन्य सभी सदस्यों का बैठक में पहुचने पर धन्यवाद किया ।

# बॉक्सिंग में प्रथम स्थान हासिल करने पर किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/ अंबाला(मनीष कुमार)** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर माननीय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी श्री सुधीर कालरा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरी के रमनदीप को बॉक्सिंग में 57-60 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल करने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके शिक्षक श्री साहिल सचदेवा जो की जिला सहायक मौलिक शिक्षा अधिकारी (खेल) का भार भी निभा रहें है इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनकी मेहनत की सराहना की।

# सेंट जोसफ स्कूल में मची अध्यापक दिवस की धूम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अध्यापकों** को सम्मानित करते हुए तथा उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए को थेमिस बर्बिक्यु हाऊस अम्बाला शहर मोहडा में अध्यापक दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ संगीत ,नृत्य, कविताएं और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से किया गया। आउट ऑफ बॉक्स अवार्ड भावना छिब्बर प्रिंसिपल अंबाला तथा सिमरनजीत कौर चावला बेस्ट टीचर अवार्ड प्री प्राइमरी विंग से रूबी नंदा अंबाला ब्रांच तथा किरण धर लालरू ब्रांच, प्राइमरी विंग से जसबीर कौर अंबाला ब्रांच तथा नवदीप कौर लालरू ब्रांच तथा , सीनियर विंग से जसप्रीत अंबाला ब्रांच तथा मानसी लालरु ब्रांच तथा खेल विभाग में साहिल तथा एकाउंट्स



डिपार्टमेंट से श्रीमान पल्लव जैन तथा वंदना दुग्गल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। स्कूल की डायरेक्टर किरण बनर्जी ने अध्यापक गण को अध्यापक दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी और कहां कि अपने पेशे से हम सब उत्तम है क्योंकि गुरु का स्थान सर्वोपरि होता है गुरु उसे दीपक के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है एक अध्यापक की है जो डॉक्टर, इंजीनियर वकील न्यायाधीश आदि का निर्माण करता है हमें अपने इस पेशे से पर गर्व होना चाहिए कि हम एक अध्यापक है।
डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बनर्जी ने गागर में सागर भरते हुए कहां कि गुरु है तो संसार है वरना सब अंधकार है।

# सफाई कर पार्क को एक सुंदर रूप प्रदान किया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
गांव किवाना स्थित पार्क में आज भाजपा जिला महसचिव कृष्ण छौक्कर किवाना व उनके साथियों ने कटाई छटाई सफाई करते हुए पार्क को एक सुंदर रूप प्रदान किया। कृष्ण छौक्कर ने कहा कि भाजपा तथा पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान व पर्यावरण की सुरक्षा अभियान से प्रेरित भाजपा के सभी नेता,पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर संभावित स्थल पर स्वच्छता व पर्यावरण को बचाने का काम करता है। इसी कड़ी में आज अपने गांव के पार्क में साफ-सफाई व कटाई-छटाई की है जो भविष्य में भी समय अनुसार जारी रहेगी। इस काम में आज उनका सहयोग चौधरी सीताराम,चौधरी कृष्णा,चौधरी रतन सिंह, मास्टर जयपाल, दिनेश, राहुल, कुलदीप, रूप सिंह व चौधरी सीताराम ने किया।

# सोहनलाल डीएवी स्कूल में टीचर्स डे व जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

**शिष्य परंपरा**

⏩ गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों ने अपने टीचर्स का तिलक लगाकर अभिनंदन किया



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
सोहनलाल डी ए वी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में टीचर्स डे व जन्माष्टमी महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को याद किया गया। गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों ने अपने टीचर्स का तिलक लगाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता,गीतो, नृत्यो द्वारा अपने अध्यापको के प्रति अपनी कृतज्ञता को व्यक्त किया तथा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राधाकृष्ण नृत्य तथा हांडीफोड़ नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। सारा स्कूल प्रांगण राधाकृष्ण के भजनो की गूंज से गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरू अरोड़ा ने सभी को टीचर्स डे व कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

# सेवा ट्रस्ट यूके के सहयोग से मनाया गया शिक्षक दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला(मनीष कुमार)**
**शिक्षक** दिवस के उपलक्ष्य में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के राज्य कोओर्डिनेटर पवन पराशर ने राष्ट्र वासियों को बधाई व शुभकामनाये देते हुए बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला जिले के कई राजकीय विद्यालयो मे शिक्षक दिवस बडी धूमधाम से मनाया गया।
पराशर ने कहा कि राष्ट्र निर्माण मे शिक्षक की अहम भूमिका है इसलिए शिक्षकों को आधुनिक प्रणाली अपनाकर बच्चो को अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए । इसके साथ बच्चो को भी अपने शिक्षक द्वारा दी जाने वाली अच्छी शिक्षा को पूरी लगन व मेहनत के साथ अपने जीवन मे अपनाना चाहिए । उन्होने कहा कि अध्यापको की मेहनत की वजह से लोगो का विश्वास राजकीय विद्यालयो में बढ़ा है । ट्रस्ट द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया,

**पौधा लगाया**

⏩ सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला जिले के कई राजकीय विद्यालयो मे शिक्षक दिवस बडी धूमधाम से मनाया

राजकीय माध्यमिक विद्यालय टंगेल, अधोया व उगाला मे सभी बच्चो को रियल जूस वितरित किए गए । विशेष कार्यक्रम के तहत रा. व. मा. वि. जमालपुर में प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में अध्यापको द्वारा 31 अशोका वृक्ष लगवाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यातिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी हुक्म सिंह उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने प्रधानाचार्य और अध्यापको के कार्यो व विभिन्न विद्यालयो द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियो का अवलोकन कर उनकी प्रशंसा की।

# कलाकारों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**मुख्य** अतिथि आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान एवं महाराजा सूरजमल आर्य जाट धर्मशाला के संस्थापक रणदीप आर्य और विशिष्ट अतिथि प्रबंधन जसवीर ग्वालडा और कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य रहे अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की उपप्राचार्य आचार्य राजकुमार और जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। डीपीई जगदीश आर्य ने मंच संचालन के माध्यम से इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी । संगीत अध्यापक संदीप शर्मा के नेतृत्व में बाल कलाकारों ने



अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया इन बाल कलाकारों और अध्यापकों को मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया । मुख्य अतिथि ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में जन्माष्टमी का महत्व सबसे अधिक है। लेकिन इस बार का महत्व इसलिए भी अधिक है कि भारत के नेतृत्व में जी-20 की शिखर बैठक भी दिल्ली में चल रही है। यही नहीं वेदों के बताये मार्ग पर चलते हुए भारत के वैज्ञानिकों ने इसरो के माध्यम से चंद्रयान -3 को चंद्रमा पर स्थापित करके एक बार फिर सिद्ध कर दिया है की भारत ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में आज भी सर्वोपरि है । उन्होंने कहा कि योगीराज श्री कृष्ण का जन्म भले ही उत्तर प्रदेश में हुआ हो लेकिन उनकी कर्मस्थली तो हरियाणा ही रही है उन्होंने कहा कि आज विश्व राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय समस्याओं का समाधान गीता और महाभारत के ग्रंथ में खोज रहा है। जन्माष्टमी के त्यौहार को भारत में ही नहीं विश्व के अनेक देशों में पूरी श्रद्धा आस्था और विश्वास के साथ मनाया जा रहा है।

**कान्हा की धूम**

⏩ योगीराज श्री कृष्ण का जन्म भले ही उत्तर प्रदेश में हुआ हो लेकिन उनकी कर्मस्थली तो हरियाणा ही रही है

# संस्कृत अध्यापिका मीना को पुरस्कार मिलने पर सम्मान समरोह आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
कोई कार्य पूरी तन्मयता तथा निष्ठा से किया जाता है उस से आत्म संतुष्टि देता है साथ ही सम्मान भी दिलाता है। ये शब्द भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान प्रदेश प्रमुख गजेंद्र सलूजा ने माडल टाउन स्तिथ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका मीनू कांबोज को राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलने पर आजोजित समरोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।
उन्होंने ने मीना कांबोज की प्रशसा करते हुए कहा की मीना कांबोज का जीवन अनुकृणीय है हम सबको इनके जीवन से प्रेरणा लेकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

# मांगे लागू होने तक जारी रहेगा आशा वर्करों का आंदोलन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**हड़ताल** का एक महीना पूरा होने पर आशा वर्कर्स की भाजपा-जजपा सरकार को दो टूक चेतावनी। दमन से न डरेंगी और न ही पीछे हटेंगी। मांगो के लागू होने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प। सीएचसी शहजादपुर की सैंकड़ो वर्कर्स ने अनाज मंडी से बस स्टैंड तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पहले अनाज मंडी के शेड नम्बर 3 में हुई सभा की अध्यक्षता स्नेह लता ने की ओर संचालन रजनी बाला ने किया। सम्बोधित करते हुए आशा वर्कर्स यूनियन की जिला प्रधान कविता सचिव सर्वजीत कौर व केशियर बलजिंद्र कौर ने कहा कि सरकार तीन दिन में मांगो को लागू करे वरना 10 सितंबर को रोहतक में



होने वाले राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में आंदोलन को तेज करने का फैसला लिया जाएगा। सीटू नेता सतीश सेठी व आशा वर्कर्स यूनियन की पूर्व जिला प्रधान सुषमा रानी ने कहा कि आशा वर्कर स्वास्थ्य विभाग एवं जनता के बीच एक कड़ी का काम करती हैं। इसलिए सरकार हठधर्मिता को छोड़कर वार्ता से समस्याओं का समाधान करे। आशा वर्कर जंहा सरकारी कर्मचारी का दर्जा व न्यूनतम वेतन 26 हजार देने की मांग कर रही है वंही स्वास्थ्य के ढांचा को दुरुस्त करने की मांग भी प्रमुखता से कर रही है। सरकार की स्वास्थ्य में बजट कटौती के चलते प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो से लेकर जिला अस्पताल तक की हालत खस्ता है। इनमें जरूरत के हिसाब से डॉक्टर व दवाईयां दोनो उपलब्ध नही है। यहां तक की प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर डिलीवरी की भी सुविधा न होने की वजह से मरीज को आगे से आगे रेफर कर दिया जाता है। हस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनें नही है। यदि कंही हैं तो खराब पड़ी है या उनको चलाने वाले डॉक्टर नही है। यूनियन ने अपने मांग पत्र में सबके लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को हमेशा पहले स्थान पर रखा है।

**प्रदर्शन**

⏩ ीएचसी शहजादपुर की सैंकड़ो वर्कर्स ने अनाज मंडी से बस स्टैंड तक प्रदर्शन किया

## न्यूज फ्लैश

## विद्यार्थियों ने दही हांडी फोड़ कर मनाया जन्माष्टमी का त्योहार



**सोनीपत**
**ज्ञान गंगा मांटेसरी** एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया । स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों में श्रीकृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक की लीलाओं को प्रस्तुत किया । नौनिहालों ने माखन चुराते हुए भगवान श्रीकृष्ण की बाल रूप की झांकी प्रस्तुत की । राधा व श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजे नन्हे मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम की शोभा बधाई । इसके साथ ही स्कूल के छात्रों ने दही हांडी फोड़ कर सभी को प्रभावित किया । विधालय की प्राचार्या रिचा चावला ने सभी बच्चों व शिक्षकों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी ।

प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान विष्णु का अवतार हैं । श्रीकृष्ण का जन्म अपने दुराचारी मामा कंस को मारने के लिए हुआ था। .देवकीनंदन कृष्ण को यशोदा मैया ने पाला था जिस चलते उन्हें यशोदा का नंद भी कहा जाता है। बाल गोपाल अपने बचपन के दिनों में खूब हांडियां फोड़ते थे जिसके चलते उन्हें माखनचोर भी बुलाया जाता है । कान्हा अपने गांव की महिलाओं से माखन और दही चुराकर सभी सखाओं को खिलाते थे । वे गुलेल से सभी की हांडियां फोड़ा करते थे । स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण का हिंडोला सजाया गया । इस मौके पर बच्चों की गीत व संगीत पर आधारित मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कक्षा आठवीं की छात्रा वंदना ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से सभी को अवगत कराया। छात्रों ने हांडी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें नन्हे कन्हैया ने हांडी फोड़ी । हांडी फोड़ में पांचवी के छात्र कुश ने बाल गोपाल की भूमिका निभाई। इस मौके पर माखन और मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। विधालय के छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण जी को झूला झुलाया। कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापिका कविता की देखरेख में कक्षा आठवीं की छात्रा जया और खुशी ने किया गया।



पी एस पब्लिक स्कूल भूरीं के छात्र जन्माष्टमी कार्यक्रम के दौरान अपने शिक्षकों व निदेशक संजीव कौशिक के साथ।

## शारदा हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय पोषण सप्ताह

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा हॉस्पिटल के सामुदायिक चिकित्सा विभाग, एसएमएस एंड आर द्वारा दिनांक 5 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया गया। भारत सरकार के सालाना कार्यक्रम के तहत हर साल 1 से 7 सितंबर के दौरान राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को शारदा यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज, स्कूल ऑफ मेडिकल एंड रिसर्च के समुदायक चिकित्सा विभाग के डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता के मार्गदर्शन में मनाया गया। लोगों को अच्छे और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें सेमिनार, कार्यशालाएं, स्वास्थ्य जांच शिविर, आहार संबंधी जागरुकता कार्यक्रम आदि शामिल थे। इस उपलक्ष पर अन्य अतिथि जिनमें संस्था के सहायक डीन डॉ. पूजा रस्तोगी, आयोजन सचिव डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, प्रोफेसर - विभाग अध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. हर्ष महाजन, प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. नेहा त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन, डॉ. अंशु सिंह एसोसिएट प्रोफेसर कम्युनिटी मेडिसिन भी मौजूद रहें।

# मतदान के प्रति किया गया जगारूक

**टीम एक्शन इंडिया/ खरखौदा (सोनीपत)**
**मुख्य निर्वाचन** अधिकारी, हरियाणा के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जिला की सभी 6 विधानसभाओं के उन गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में सबसे कम मतदान हुआ था। इसी कड़ी में खरखौदा विधानसभा के गांव आनंदपुर-झरोठ तथा रोहट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कायक्रमों में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए ग्रामवासियों को नई वोट बनवाने तथा भविष्य में होने



वाले चुनावों में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आपका मतदान लोकतंत्र की जान है। अपनी वोट की ताकत हर मतदाता को पहचाननी चाहिए। प्रजातंत्र में मतदान का अत्यधिक महत्व है। सरकार का चयन मतदाता ही करते हैं, जिसके लिए मतदान आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा किए गए सघर्षों के कारण ही हमें यह अधिकार प्राप्त हुआ था इसलिए हमें इस अधिकार का जरूर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपनी इच्छा का उम्मीदवार या सरकार चुनने के लिए वोट ही सबसे बड़ा अधिकार है इसलिए सभी मतदाता मतदान के दिन शत प्रतिशत वोट डालकर अपनी पंसद के उम्मीदवार को चुने ताकि वो आगे चलकर आपके विकास के लिए कार्य कर सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ऐसे सभी युवा जिनकी आयु एक जनवरी 2024 को पूरी हो जाएगी वे तुरंत अपनी नई वोट के लिए आवेदन करें ताकि वे भी लोकतंत्र की मजबूती में अपनी अहम भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि गांव के लोग अपनी बेटियों की वोट बनवाने में दिलचस्पी कम रखते हैं क्योंकि उनका मानना है कि बेटियों की शादी हो जाएगी और वे दूसरे घर चली जाएगी तो इस बारे में उनको बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है जब हमारी बेटियों की शादी हो जाएगी तो वे अपनी ससुराल जाकर अपनी वोट को वहां स्थानांतरित करवाने के लिए आवेदन कर सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा एक सप्ताह के अंदर उनकी वोट स्थानांतरित कर दी जाएगी। इसलिए सभी परिजन 18 साल की होते ही अपनी बेटियों की वोट जरूर बनवाएं ताकि वे भी इस अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांव आनंदपुर झरोठ में सबसे ज्यादा बार मतदान करने वाली महिलाओं और पुरूषों को मिठाई खिलाई और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और उपस्थित मतदाताओं को कहा कि हमें इन महिलाओं और पुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमारे संविधान ने हमें जो अधिकार दिया है हमें उसका प्रयोग करना चाहिए।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनाया जन्माष्टमी पर्व



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। गली** नंबर 1,केशव नगर में स्थित आधारशिला विद्यापीठ किड्स एकेडमी में और मंडलाना गांव में स्थित आधारशिला की ब्रांच में जन्माष्टमी महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया । इस महोत्सव पर दोनो स्कूलों के छोटे छोटे बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम पेश किया। आधारशिला विद्यापीठ की केशव नगर ब्रांच के किंडरगार्टन श्रेणी की जिया,परी, तन्वी, हेजल, मासूम बच्चियों ने "राधा तेरी चुनरी" पर, पहली कक्षा के विद्यार्थी हर्ष , नियान, जीवेश, अयांश ने ओ माय लॉर्ड गणेशा पर मासूमियत भरा सामूहिक नृत्य पेश किया।युवराज,वेदांत,पर्व, तन्य ने हनुमान जी बनकर अपने नृत्य से भक्ति भाव जगाया। मंडलाना गांव में स्थित आधारशिला विद्यापीठ की अन्य ब्रांच में भी पर किंडर गार्टन श्रेणी के विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण महारास नृत्य किया और दही हंडी फोड़ी। इस मौके पर आधारशिला विद्यापीठ के चेयरमैन गिरीश खेड़ा ने और दोनो ब्रांच की प्रधानाचार्यों हरजिंदर कौर और निशा ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए जन्माष्टमी महोत्सव की महिमा का आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया।

## 12 से 25 अक्टूबर तक होगा भगवान राम की लीला का भव्य मंचन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल। श्री** धार्मिक रामलीला ट्रस्ट मोहल्ला चांदुवाडा के मंच पर संस्था की जनरल बॉडी की बैठक मंगलवार देर शाम आयोजित की गई। जिसमें आगामी रामलीला करने के बारे में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामलीला का मंचन 12 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 26 अक्टूबर को वहां नाटक मोरध्वज का मंचन होगा। बैठक के दौरान रामलीला मंच के नवनिर्माण की भी चर्चा करते हुए लोगों से अधिक से अधिक आर्थिक सहायता के बारे में योगदान की बात कही। ट्रस्ट के प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि रामलीला में लगभग 25 से 30 लाख रुपए से रामलीला के मंच एवं दर्शक दीर्घा के नवीनीकरण का कार्य हो रहा है, इसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से सहयोग की आशा करते हैं। बैठक के दौरान सभी कलाकार साथियों से विचार विमर्श के उपरांत 9 सितंबर से रामलीला मंच पर रिहर्सल आरंभ करने का भी निर्णय लिया गया।



ट्रस्ट के सरंक्षक सत्यनारायण हरित व शंभूदयाल गर्ग ने सभी कलाकारों से इस 76 वर्ष पुराने मंच के नवनिर्माण उपरांत प्रभु राम की भव्य लीला मंचन हेतु तैयार रहने का आग्रह किया।

## किडजी व किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में आस्था के साथ मनाया जन्माष्टमी

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) किडजी** व किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में आस्था के साथ मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व। स्कूल प्रबंधक श्री परमिंदर सिंह बाठ जी तथा प्रिंसीपल वीरेंद्र कुमार जी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कक्षा सातवीं तथा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण की लीलाओं का सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया।

कक्षा पहली से तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कक्षा चौथी व पांचवी के छात्रों ने राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा शाम देखा पर सामूहिक नृत्य किया।मंच का संचालन शुभम सर तथा ममता मैम के द्वारा किया गया।

## बाल विकास स्कूल में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**सराय औरंगाबाद** के नजदीक स्थित बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओ का का आयोजन हुआ। जन्माष्टमी पर्व पर स्कूल में बच्चे राधा कृष्ण की पोशाक धारण करके आए। स्कूल में दही हांडी, डांस पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताई हुई। सभी विजेताओं को स्कूल प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर डॉ सीमा छिल्लर ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर मनाया जाता है। जन्माष्टमी के दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। जिन्होंने अत्याचारी कंस का वध



करके संपूर्ण विश्व को यह संदेश दिया था कि अत्याचार का हमेशा अंत होता है। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ पूनम चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी पर्व हमें आपस में एक परिवार की तरह मिलजुल कर रहने का संदेश देते हैं।

उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार बड़ा है तब तक भगवान ने मनुष्य का रूप धारण कर इस पृथ्वी को अत्याचारियों से मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल्य काल में भी अनेक असुरों का वध किया तथा व अत्याचारी वाले राजा कंस का वध करके संपूर्ण जगत को यह संदेश दिया था कि बुरे कर्मों का फल हमेशा बुरा ही होता है। इसलिए हमें अपने जीवन में सदैव सत्य व धर्म का आचरण करना चाहिए।

# गठबंधन सरकार में बह रही विकास की गंगा: डा. अजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। गठबंधन सरकार** में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है तथा जो कोर-कसर रह गई है, शेष कार्यकाल में उसे दूर करते हुए तेजी से विकास एवं जनकल्याण के कार्य करवाएंगे। आम आदमी की दुख-तकलीफों को दूर किया जाएगा तथा कहीं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उक्त विचार जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला ने मंगलवार को जिले के ग्रामीण दौरे में व्यक्त किए। डा. अजय सिंह चौटाला ने ग्रामीण दौरे की शुरूआत नांगल चौधरी विधानसभा के थनवास से हुई। तत्पश्चात उन्होंने सरेली, कारोता, खटोटी कलां, सेका एवं



गुवानी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बहाला कलां में मास्टर भूपसिंह के पिता एवं बाबा ऑयल मिल्स के मालिक रामकुमार शर्मा के निधन पर शोक जताया, जबकि गांव दोंगली में सुरेंद्र ठेकेदार के निवास पर कार्यकताओं से मुलाकात की। उन्होंने गुवाणी में शहीद लाल सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जनसभाओं की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने की। ग्रामीणों सभाओं को संबोधित करते हुए डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जब-जब भी हमारी पार्टी ने रैलियां की है, हमने अपने रिकार्ड खुद ही तोड़े हैं और लाखों की भीड़ इक्कठी करके अपने संगठन की ताकत दिखाई है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में जनशक्ति सबसे बड़ी ताकत होती है। जब हमने पुरानी पार्टी छोड़ी, तब झंडे से लेकर फंड तक सबकुछ छोड़ दिया था और नए सिरे से संगठन खड़ा किया था। मात्र नौ महीने में आप सब लोगों ने मिलकर पीठ थपथपाई तो 10 विधायकों के साथ हमने विधानसभा में प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि अब फिर से देश-प्रदेश में चुनावी माहौल बन रहा है और प्रदेश की जनता दिल खोलकर पूर्ण बहुमत के साथ हमें सत्ता की चॉबी सौंपती है तो वह सारे अधूरे काम पूरे किए जाएंगे, जिनकी हमसे लोग अपेक्षा करते हैं।

उन्होंने कहा कि जेजेपी की स्थापना चौधरी देवीलाल की विचारधारा से हुई है तथा उन्हीं की नीतियों का अनुसरण करते हुए छत्तीस बिरादरी के कल्याण के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

## वी फाउन्डेशन ने अध्यापक दिवस के मौके पर टेक सोल्युशन 'डोनेट बुक' का अनावरण किया

**गुरुग्राम।** छात्रों के लिए पुस्तकों की उपलब्धता को बेहतर बनाने के प्रायस में जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की सीएसआर शाखा वी फाउन्डेशन एक अनूठा टेक समाधान- डोनेट बुक लेकर आई है- पुस्तकों के दान के लिए बनाया गया यह प्लेटफॉर्म पुस्तकें दान करने वालों, जरूरतमंद संगठनों/ स्कूलों एवं एनजीओ संस्थानों को एक दूसरे के साथ जोड़ता है। वी फाउन्डेशन के कनेक्टिंग फॉर गुड प्रोग्राम के तहत इस पहल का लॉन्च किया गया है, जो उन लोगों के बीच दूरियों को खत्म करता है जिन्हें पुस्तकों की जरूरत है और जो पुस्तकें दान में दे सकते हैं। इस अनूठी पहल का लॉन्च अध्यापक दिवस के मौके पर जाने-माने कवि पद्म श्री सुरेन्दर शर्मा, श्री ऋषभ जैन-कंटेंट क्रिएटर, उद्यमी एवं शिक्षक तथा पी बालाजी, डायरेक्टर, वोडाफोन फाउन्डेशन और चीफ रेग्युलेटरी एण्ड कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर वी फाउन्डेशन ने ह्यटीचर्स डायरीह्न भी रीलीज की, यह देश के विभिन्न हिस्सों से अध्यापकों की प्रेरक कहानियों का संकलन है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पी बालाजी, चीफ रेग्युलेटरी एण्ड कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर, वीआईएल ने कहा, ह्यह्यवोडाफोन आइडिया फाउन्डेशन में हम शिक्षा पर विशेष रूप से जोर देते हैं। हमारा मानना है कि इस क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है तथा ग्रामीण भारत एवं वंचित समुदायों के बच्चों के लिए लर्निंग के परिणामों को बेहतर बनाया जा सकता है, जहां ऐसी सुविधाएं सुलभ नहीं होतीं। इसी उद्देश्य के साथ हम डोनेट बुक पहल लेकर आए हैं। हमें विश्वास है ऐसे बहुत से लोग हैं जो जरूरतमंद बच्चों के लिए पुस्तकें दान में देना चाहते हैं।

## ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने 2000 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से आज एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई, जिसके तहत आगामी शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 से अधिक योग्य छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बेहद होनहार युवा छात्रों को अव्वल दर्जे की गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुँचने के समान अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाले इस पहल की शुरूआत की गई है। साल 2024 में जेजीयू की 15वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी, और इसी खास अवसर के उपलक्ष्य में वर्ष 2024-25 के आगामी बैच के लिए 2000 से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे 2024 में दाखिला लेने वाले 60% से अधिक नए छात्रों को जेजीयू में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## नशा बनता है शरीर व आर्थिक पतन का कारण: शेखर यादव

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा नशा मुक्ति का संदेश लेकर झज्जर पहुँची (साइक्लोथॉन) साइकिल मैराथन का झज्जर के सिलानी गेट स्थित राजकीय विद्यालय में भाजपा नेता शेखर यादव ने जोरदार स्वागत किया। साइकिल यात्रा में शामिल लोगों का भाजपा नेता शेखर यादव ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। साइकिल यात्रा का स्वागत करने के उपरांत शेखर यादव ने कहा कि हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा



नशा मुक्ति हरियाणा का संदेश देने के लिए प्रदेश भर में आयोजित की जा रही साइकिल मैराथन से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। नशा रहित समाज बनाने का संदेश देने के लिए झज्जर पहुंची (साइक्लोथॉन) साइकिल मैराथन में सभी वर्गों के युवा, महिला व पुरुष वर्ग ने बढ़चढ़ कर भाग लेकर नशा मुक्ति के संदेश को लेकर निकल जा रही इस यात्रा में अपना अहम योगदान दिया है। शेखर यादव ने बताया कि नशा मुक्ति के खिलाफ एकजुट प्रयासों के की सोच के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा पीढ़ी को नशे से बचाए रखने के लिए यह विशेष मुहिम पूरे प्रदेश में बडे स्तर पर चलाई है। इस सभी वर्ग इस साइकिल मैराथन मुहिम का हिस्सा बनकर नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देने के लिए आगे आ रहे है। भाजपा नेता शेखर यादव ने कहा कि अच्छे संस्कार नशे से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका है। उन्होंने कहा कि कोई भी नशा शरीर व आर्थिक पतन का कारण बनता है इसलिए युवा पीढ़ी को संकल्प लेना

# हकेवि में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 से 27 सितंबर तक

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़। हिंदी** दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 14 से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ें का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूली विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बुधवार को हिंदी पखवाड़े का पोस्टर जारी करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार में विश्वविद्यालय



तेजी से अग्रसर है। विश्वविद्यालय में इस दिशा में जारी प्रयासों का नतीजा है कि कार्यालयीन गतिविधियों में हिंदी का उपयोग बढ़ा है और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के माध्यम से विश्वविद्यालय स्थानीय निकायों को भी हिंदी के प्रयोग में सहयोग प्रदान कर रहा है।

कुलपति ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और इसका उपयोग अधिक से अधिक होना चाहिए। विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़े का आयोजन आगामी 14 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों व शोधार्थियों तथा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता, विश्वविद्यालय शिक्षकों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता, शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता व पत्रलेखन व नोटशीट लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदी पखवाड़े के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान व हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा। 27 सितंबर 2023 को समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हिंदी पखवाड़े के पोस्टर जारी करने के अवसर पर प्रो. सुरेंद्र सिंह सहित विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, प्रो. बीरपाल सिंह यादव, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. अमित कुमार, डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत, अमित यादव उपस्थित रहे।



शिक्षक दिवस पर पहुंचे कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय आंतिल का बारोटा के राम मैमोरियल स्कूल के प्रबंधक व शिक्षक स्वागत करते हुए।

## संपादकीय

# कारगर सिद्ध हो रहा नवभारत साक्षरता मिशन

**इस** समय भारत में एक सितंबर से नवभारत साक्षरता मिशन पर काम चल रहा है। नवभारत साक्षरता मिशन सप्ताह का समापन आठ सितंबर को होगा। इसका उद्देश्य उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाना है। साथ ही सप्ताह भर इस अभियान में देश के हर नागरिक में उसके कर्तव्य व भागीदारी की भावना पैदा करना है। यह विजन इस योजना को लोकप्रिय बना रहा है और हमें भारत को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। साक्षरता सप्ताह में गतिविधियों का एक परिदृश्य शामिल होगा। 8 सितंबर, 2023 को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाएगा। दूसरा मुख्य उद्देश्य ह्यउल्लासह्ण मोबाइल ऐप पर शिक्षार्थियों और स्वयंसेवकों के लिए पंजीकरण की संख्या में वृद्धि करना है। दरअसल इस तरह के मिशन या आयोजन लोगों को शिक्षा के प्रति गंभीर करते हैं। शिक्षा को मात्र स्कूल या कॉलेज की पढ़ाई से नहीं आंका जा सकता। अच्छी नौकरी व बेहतर जीवन के लिए अतिरिक्त कोर्स करने पड़ते हैं जिसके लिए आम व मध्यम परिवार का बच्चा जागरूक व सक्षम नहीं होता। इस विषय में मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में यह बताया गया है कि इस अभियान में सरकारी, प्राइवेट स्कूल, सीबीएसई से संबंधित स्कूल, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विद्यालय समिति, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद के तहत शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय या एआईसीटीई के तहत एचईआई डिग्री कॉलेज व तकनीकी संस्थान के छात्र, स्काउट्स एंड गाइड्स, एनसीसी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम पंचायतें आदि भी भाग ले रहे हैं। इस अभियान में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिससे इसमें आर्कषण बना हुआ है। वहीं पंचायत राज संस्थानों को शामिल करते हुए ग्राम पंचायतों में बैठकें तथा साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बैनर और तख्तियों के साथ छात्रों और शिक्षकों द्वारा रैलियां, साइकिल रैलियां, प्रभात फेरियां, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया जा रहा है। इन सब चीजों से स्पष्ट हो जाता है कि शिक्षा को हर स्तर पर गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि ऐसे आयोजन व कार्यक्रम पहले भी चलाए जाते रहे हैं लेकिन लेकिन पहले जनता व विद्यार्थी इतनी रुचि नही दिखाते थे। चूंकि आज से लगभग दो दशक पहले आर्थिक चुनौतियां ज्यादा घेरती थीं जिसका परिणाम यह होता था कि लोग इस क्षेत्र से मन चुराते थे लेकिन समय के चलते लोगों को यह समझ आया कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा हथियार व रास्ता है जिससे किसी भी जंग को जीता जा सकता है। सरकार का इस क्षेत्र में काम करने का उद्देश्य है कि पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा युवा भारत देश में हैं जिनको तैयार केवल शिक्षा के बल पर ही किया जा सकता है। बीते दिनों हम चीन को पछाड़ जनसंख्या के आधार पर नंबर एक पर आ चुके हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि कंपीटिशन के इस दौर में हर क्षेत्र में चुनौती बहुत अधिक बढ़ चुकी है। सरकारी हो या प्राइवेट, मात्र एक पद के लिए लाखों आवेदन आ जाते हैं लेकिन मात्र इस बात से निराश होकर हम होकर हम शिक्षा की ओर न बढ़े तो यह पूर्ण रूप से अपने ही नहीं अपनी आने वाली कई पीढ़ियों के साथ बहुत बड़ी बेईमानी होगी।

# क्यों पीओके के लोग कारगिल के दरवाजे खोलने की मांग कर रहे?

**अशोक भाटिया**

> शिया समुदाय पाकिस्तान के नए ईशनिंदा कानून के खिलाफ है और यही कह रहा है कि अगर इसे लागू करना ही है तो कारगिल के दरवाजे खोल दिए जाएं ताकि गिलगित-बल्तिस्तान के शिया भारत में पनाह ले सकें।जिक्र यदि यहां रहने वाले लोगों की जनसंख्या का हो तो यहां रहने वालों में 39 प्रतिशत शिया आबादी है, जबकि यहां 27 प्रतिशत सुन्नी और 18 प्रतिशत इस्माइली मुसलमान हैं। मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी का शुमार स्कर्दू और आस पास के बेहद प्रभावशाली लोगों में होता है। मौलाना ने गिलगित बल्तिस्तान के कई अहम आंदोलनों में न केवल हिस्सा लिया बल्कि उन्हें कामयाब बनाया। मौजूदा वक़्त में मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी साफ पानी के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जिससे स्थानीय प्रशासन सकते में आ गया है

**कंगाल** पाकिस्तान से अपना देश नहीं संभल रहा है। जहां दक्षिण पश्चिम पाकिस्तान के बलूचिस्तान और सिंध प्रांत में पाकिस्तान विरोधी गतिविधियां बढ़ गई हैं। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले पी.ओ.के. में पाकिस्तान की हुकूमत और पाक आर्मी के खिलाफ बगावत तेज हो गई है। पाकिस्तान की सेना के जुल्म से परेशान गिलगित बालतिस्तान के अल्पसंख्यक शिया मुस्लिमों में आक्रोश है। ये आक्रोश लगातार तेज होता जा रहा है। यही कारण है कि इन दिनों पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में इन दिनों घमासान मचा है। कट्टरपंथी सुन्नी संगठनों और पाकिस्तानी सेना के दमन के खिलाफ अल्पसंख्यक शियाओं ने विद्रोह कर दिया है। पहली बार इस क्षेत्र के शिया संगठन फौज के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। अल्पसंख्यक शियाओं के तेवर इतने तीखे हैं कि पाकिस्तान की आर्मी भी घबरा गई है। भारत से करीब 90 किलोमीटर दूर स्कर्दू में शिया समुदाय के लोग भारत की ओर जाने वाले कारगिल हाइवे को खोलने की मांग पर अड़ गए हैं। उनका कहना है कि वे अब पाकिस्तानी फौज की हुकूमत वाले गिलगित-बाल्तिस्तान में नहीं रहना चाहते हैं, वे भारत जाना चाहते हैं। गिलगित-बाल्टिस्तान की आबादी करीब 20 लाख है। इनमें से 8 लाख के करीब शिया समुदाय के लोग हैं। इन शियाओं के बगावती तेवर देखकर पाकिस्तानी आर्मी घबरा गई है। बगावती तेवरों को देखते हुए पाकिस्तान आर्मी ने अपने 20 हजार अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है। बताया जाता है कि पाकिस्तान का गिलगित-बल्तिस्तान लगातार उबाल मार रहा है। विरोध प्रदर्शन के नाम पर हजारों लोग सड़कों पर हैं। फिजा में चलो, चलो कारगिल चलो के नारे बुलंद हैं। विरोध के नाम पर जिस तरह लोग उग्र हैं, किसी भी क्षण वहां स्थिति गंभीर हो सकती है। सवाल होगा कि आखिर पाकिस्तान जैसे मुल्क के एक हिस्से में ऐसा क्या हुआ, जो वहां के लोग भारत में विलय होने की बात कह रहे हैं। जवाब है एक शिया धर्मगुरु की गिरफ़्तारी और वो सजा जो उसे पाकिस्तान के प्रचलित ईशनिंदा कानूनों के तहत हुई है। गिलगित के स्थानीय



लोग शिया मौलवी की गिरफ्तारी से बेहद नाराज हैं जिसके मद्देनजर स्थानीय नेताओं ने पाकिस्तानी प्रशासन को गृहयुद्ध की चेतावनी दी है। वहीं कुछ लोग तो ऐसे भी हैं जिन्होंने खुलकर भारत में विलय की मांग करनी शुरू कर दी है। ध्यान रहे, शिया समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मौलवी आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक धार्मिक सभा में उनकी टिप्पणियों को लेकर मामला दर्ज किया गया था। बाद में मौलवी को हिरासत में लिया गया जिसके बाद स्कर्दू के शिया समुदाय के लोग सड़कों पर आए और विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ और नौबत हाई-वे जाम तक की आ गयी है।अभी हालिया दिनों में पाकिस्तान की संसद में ईशनिंदा को लेकर एक बिल पास हुआ था। इस बिल के आने के बाद ही शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी पर एक एफआईआर होती है और कहा जाता है कि उन्होंने ईशनिंदा की है। इसके बाद गिलगित के पास स्थित जलास और द्यामर जो कि एक सुन्नी बाहुल्य क्षेत्र है वहां लोग शिया मौलव के विरोध में सड़कों पर आते हैं। वहीं पाकिस्तान के अपर कोहिस्तान के सुन्नी बहुल हिस्से में एक धरना प्रदर्शन होता है और मांग की जाती है कि शिया मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी को फौरन ही गिरफ्तार किया जाए और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। तब लोगों का ये भी कहना था कि यदि मौलाना गिरफ्तार नहीं होते हैं तो उग्र प्रदर्शन करते हुए सड़कों को बंद कर यातायात को बाधित किया जाएगा। सुन्नी समुदाय की ये मांग शिया समुदाय को नागवार गुजरी और उन्होंने मौलाना की गिरफ्तारी के विरोध में स्कर्दू और आस पास के इलाकों में विरोध प्रदर्शन की शुरूआत की और मुख्य हाई वे जाम कर दिया। बताया जा रहा है कि पूरे गिलगित-बल्तिस्तान के हालात बहुत जटिल हैं और ये विरोध प्रदर्शन किसी भी वक़्त एक बड़ी हिंसा का रूप ले सकता है, जिसका खामियाजा कई मासूम लोगों को भुगतना होगा। शिया समुदाय पाकिस्तान के नए ईशनिंदा कानून के खिलाफ है और यही कह रहा है कि अगर इसे लागू करना ही है तो कारगिल के दरवाजे खोल दिए जाएं ताकि गिलगित-बल्तिस्तान के शिया भारत में पनाह ले सकें।जिक्र यदि यहां रहने वाले लोगों की जनसंख्या का हो तो यहां रहने वालों में 39 प्रतिशत शिया आबादी है, जबकि यहां 27 प्रतिशत सुन्नी और 18 प्रतिशत इस्माइली मुसलमान हैं। मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी का शुमार स्कर्दू और आस पास के बेहद प्रभावशाली लोगों में होता है। मौलाना ने गिलगित बल्तिस्तान के कई अहम आंदोलनों में न केवल हिस्सा लिया बल्कि उन्हें कामयाब बनाया। मौजूदा वक़्त में मौलाना आगा बाकिर अल-हुसैनी साफ पानी के लिए आंदोलन कर रहे हैं। जिससे स्थानीय प्रशासन सकते में आ गया है। माना जा रहा है कि मौलाना को गिरफ्तार करने की वजह उनका राजनीतिक रूप से सक्रिय रहना है। अभी बीते दिनों ही एक धार्मिक सभा में मौलाना ने पैगंबर मुहम्मद के नवासे इमाम हुसैन के हत्यारे यजीद की तीखी आलोचना की थी। यजीद जैसे व्यभिचारी पर जो रुख मौलाना का था उसने पाकिस्तान के सुन्नियों को आहत किया और उन्होंने मौलाना पर ईशनिंदा का आरोप लगाया जिसके बाद एफआईआर हुई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिलगित-बल्तिस्तान का के शिया समुदाय का कहना है कि पाकिस्तान की हुकूमत द्वारा एक बार फिर उनके खिलाफ गहरी साजिश की जा रही है। इस इलाके में शिया सुन्नी संघर्ष की शुरूआत कब हुई अगर इस सवाल के जवाब तलाशने हैं तो हमें 1988 के उस दौर में जाना होगा जब पाकिस्तान में हुकूमत जियाउल हक के हाथ में थी। तब उस वक़्त जियाउल हक ने 400 शिया मुसलमानों का कत्लेआम करवाया था और फिर जब 2012 के आस पास हुकूमत के इशारों पर पाकिस्तान में शिया विरोधी सिपाह ए सहाबा जैसे संगठनों का निर्माण हुआ जिन्होंने बाद में गिलगित-बल्तिस्तान को अपनी शरणस्थली बनाया। पाकिस्तान के हुक्मरान लंबे अरसे से गिलगित-बल्तिस्तान में सुन्नी आबादी बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इसके लिए शिया समुदाय पर जुल्म जारी है। ऐसे ऐसे हालात पैदा किये गए हैं कि शिया अपनी जमीनें बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। अब ताजा ईशनिंदा कानून वो हथियार बन गया है, जिससे शिया दबाव महसूस कर हैं। फिलहाल, दोनों समुदायों के बीच संघर्ष जारी है। पिछले महीने भी गिलगित बाल्तिस्तान के लोगों ने पाकिस्तानी हुकूमत के खिलाफ प्रदर्शन किया था। स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान सरकार को गृहयुद्ध और भारत के साथ विलय की चेतावनी दी है। यहां के लोगों ने कहा कि अगर सरकार उनके खिलाफ दमन का रास्ता अख्तियार करेगी तो वो गृहयद्ध करेंगे। सरकार ने अगर उनके नेताओं को रिहा नहीं किया तो वो गिलगित बाल्तिस्तान का भारत में विलय कर देंगे।

## कविता

### श्री कृष्ण

मेरी हर प्रार्थना  
का आगाज तुम्ही से  
और अंजाम भी श्रीकृष्ण  
तुम्हीं पर समर्पित,  
जीना मोहक बनाया मोहन ने  
देकर गीता का यह अमृत उपदेश,  
गर मन में कुछ भर के जिएंगे  
तो मन भर के ना जी पाएंगे  
होते कामयाब वही अक्सर जीवन में  
सोच अपनी से जो जहां बदलते हैं !  
वक़्त करवाता अपनों का एहसास  
भेद ये भी बतलाया योगेश्वर ने,  
बेशक अपनो के साथ बिताया  
वक़्त पता नहीं चलता  
किंतु वक़्त के साथ होती है  
जग में परख अपने और पराए की !  
पथ कामयाबी का दिखलाया  
तुम्ही ने माधव गाकर पावन गीत,  
कर्म करें बिन फल लोभ के  
खुश रहें सदा अपनों के साथ  
बेशक दूजों में हस्ती न हो हमारी  
पर अपनों के लिए होतें हैं खास !

मुनीष भाटिया

## विनम्रता को आत्मसात करें

**संजीव**

**प्रत्येक** व्यक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है वह जीवन के हर सोपान में अपने आप को उत्तम स्थिति में रखना चाहता है। किंतु जीवन की सफलता मनुष्य के संघर्ष और उसके आचरण में अंतर्निहित विनम्रता पर भी निर्भर करती हैं। मनुष्य यदि सब कुछ प्राप्त करके भी वह विनम्र नहीं है तो उसका जीवन अधूरा है। रावण बहुत बड़ा विद्वान और शास्त्रों का ज्ञाता था किंतु उसके जीवन में और उसके आचरण में विनम्रता ना होकर दंभ और अहंकार समाविष्ट था, अतः वह अपने अहम और विनम्रता विहीन जीवन के कारण प्रभु श्री राम के हाथों मारा गया। विनम्रता मनुष्य का वह गुण है जो मनुष्य के निजी जीवन में समाजीकरण की प्रक्रिया में उसके द्वारा आत्मसात किया जाता है। मनुष्य मूलतः अहंकारी, स्वार्थी, लालची तथा पद प्राप्त करने वाला लोभी रूप होता है। किंतु धीरे-धीरे वह सामाजिक परिवेश में अपने आसपास के ज्ञानी ,साधु एवं सच्चे सद्गुणी नागरिकों के संपर्क में आकर अपने लोभ तथा लालच की अहंकारी गतिविधियों में सुधार लाकर सहिष्णु, सौहार्द, करुणा, सहयोग आदि गुणों को अपने में समाहित कर विनम्रता के सद्गुण को ग्रहण कर लेता है। विनम्रता सही मायने में सामाजिक अच्छाई की परिणति है। सद्गुण और विनम्रता महान लोगों के द्वारा ग्रहण किया हुआ वह अलंकार है जो उसे लोक तथा परलोक में सर्वमान्य रूप से स्थापित करता है। छोटा और तुच्छ व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी गतिविधियों में रहकर अपने आप को सर्वशक्तिमान एवं सर्व ज्ञानी समझकर कुएं के मेंढक की तरह अधजल गगरी छलकत जावे की कहावत को सिद्ध करता है। महान तथा ज्ञानी व्यक्ति के व्यक्तित्व में विनम्रता झलकती है वह उसे प्रदर्शित करने से परहेज करते हैं क्योंकि विनम्रता उनके संपूर्ण व्यक्तित्व में समाहित होती है। विनम्रता किसी भी सज्जन व्यक्ति की जीवन की शैली होती है। महान और विनम्र व्यक्ति की प्रशंसा करने पर भी वे उसे स्वीकार न कर किसी दूसरे व्यक्ति को इसका श्रेय देते हैं। और अज्ञानी और छोटी सोच के कारण व्यक्ति अपने मियां मिट्ठू बनने से नहीं अघाते हैं। ज्ञानी व्यक्ति अपनी उपलब्धि को समाज की बेहतरी के लिए उपयोग में लाता है, ना कि उसे केवल अपने अथवा अपने करीबी या परिवार के लिए ही सीमित नहीं रखता है। विनम्र व्यक्ति सदा ज्ञान तथा सद्गुणों की खोज में रहता है एवं उसके जीवन में नई-नई उपलब्धियां अपने आप आने लगती हैं । जिस तरह फलदार वृक्ष सदैव झुके हुए होते हैं उसी तरह विनम्र और ज्ञानी व्यक्ति भी बहुत अधिक विनम्र तथा देश समाज और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान होता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर बने रहने के पश्चात भी विद्यार्थियों के साथ रहा करते थे जो उनको महानतम बनाता है और इसी महानता के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च भारत रत्न की उपाधि दी गई थी।

## विचार

# आसियांन शिखर सम्मेलन में भारत पर रहेगी नजर

**किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में विकासशील सहित विकसित देशों के बीच भारत की सकारात्मक केमिस्ट्री जिस तरह प्रगाड़य हो रही है उससे वैश्विक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की पूछ परख, रुतबा और वजन काफी हद तक बढ़ा है और हर कार्यक्रम में भारतीय सुविधा जनक समय सुझावों को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है, ऐसा पूरी दुनियां में माना जाना लगा है, यही कारण है कि आसियान के मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया ने भारत की जी20 में व्यस्तता और 9-10 सितंबर 2023 को हो रहे शिखर सम्मेलन 5-7 सितंबर 2023 के चलते हुए भारतीय पीएम जो बुधवार 6 सितंबर 2023 को देर शाम जकार्ता जा रहे हैं और 7 सितंबर 2023 को देर शाम लौटनें के प्लान को देखते हुए दोनों शिखर सम्मेलनों के समय को समायोजित किया गया है ताकि सुविधा से लौट सकें और जी20 के नेताओं और अमेरिका राष्ट्रपति से 8 सितंबर 2023 को द्विपक्षीय बैठक सुचारू रूप से संचालित हो। बता दें कि भारत और आसियान के बीच रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद यह पहला भारत आसियान शिखर सम्मेलन हो रहा है। बता दें कि हाल ही में चीन द्वारा जारी दक्षिण चीन सागर के क्षेत्र पर चीनी आधिपत्य का दावा किया जाने के लिए जारी किए गए मानचित्र पर आसियान देशों द्वारा संयुक्त वक्तव्य जारी कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। बता दें चीनी मानचित्र में भारत के प्रादेशिक क्षेत्र को भी अपना दशार्या गया है वहीं इस सम्मेलन में अमेरिकन उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी पहुंच चुकी है, तो स्वाभाविक ही है कि अमेरिका इस मुद्दे हाथों हाथ लेते हुए हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दखलंदाजी सहित कुछ मुद्दे उठाकर अपना रुतबा दिखाने की कोशिश करेगा वही चीन भी अपना दबदबा दिखाएगा यानें दोनों संवाद भागीदारों के बीच खींचतान से इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे भी अमेरिकी राष्ट्रपति इसी क्षेत्र में भारत वियतनाम दौरे पर होते हुए भी आसियान शिखर सम्मेलन की बैठक में गैर हाजिर रहना अपने आप में बहुत कुछ कहता है, इससे भारत का रुतबा बहुत बढ़ जाएगा क्योंकि अमेरिका द्वारा भारत को प्राथमिकता देने का संदेश स्पष्ट जाएगा वैसे भी आसियान शिखर सम्मेलन कोभारतीय सहूलियत के हिसाब से समायोजित किया गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति इस क्षेत्र में रहते हुए भी आसियान ना जाकर भारत में आ रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिय में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आसियान शिखर सम्मेलन 5-7 सितंबर 2023 भारत के सहूलियत से समय समायोजित करना बड़ी उपलब्धि है। साथियों बात अगर हम 43 वें आसियान शिखर सम्मेलन जकार्ता इंडोनेशिया की करें तो, यह बैठक दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच हो रही है, जब चीन ने कुछ आसियान सदस्यों द्वारा विवादित बड़े हिस्से पर दावा करते हुए एक नया नक्शा जारी किया, जिसके बाद इन राज्यों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सिंगापुर के प्राइम मिनिस्टर समिट में एक डेलिगेशन को लीड करेंगे और ब्लॉक के नेता दूसरे मुद्दों के अलावा म्यांमार क्राइसिस पर चर्चा करेंगेआसियान का पूरा नाम दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ है। इसकी स्थापना 8 अगस्त, 1967 को बैंकॉक, थाईलैंड में हुई थी। आसियान के फाउंडिंग फादर्स में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड शामिल है, जिन्होंने आसियान डिक्लरेशन (बैंकॉक डिक्लरेशन) पर हस्ताक्षर करके इसकी स्थापना की थी। आसियान को क्षेत्र में सबसे प्रभावशाली समूहों में से एक माना जाता है। भारत और अमेरिका, चीन, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित कई अन्य देश इसके संवाद भागीदार हैं। आसियान-भारत संवाद संबंध 1992 में क्षेत्रीय साझेदारी की स्थापना के साथ शुरू हुआ, जो दिसंबर 1995 में पूर्ण संवाद साझेदारी और 2002 में शिखर स्तर की साझेदारी में बदल गया। भारत और आसियान के बीच संबंध 2012 में रणनीतिक साझेदारी तक पहुंच गए। आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति और व्यापक हिंद-प्रशांत के लिए इसके दृष्टिकोण का केंद्र है।

## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# और कितनी 'निर्भयाएं '

**निर्मल रानी**

**याद कीजिये** 16 दिसंबर 2012 की वह काली रात जब दिल्ली के वसंत विहार में पैरा मेडिकल की छात्रा 'निर्भया' के साथ 6 अपराधियों द्वारा चलती हुई बस में गैंगरेप किया गया था। निर्भया के साथ बलात्कार किया गया था व उसके निजी अंगों को बुरी तरह जख़्मी किया गया था। यहां तक कि छात्रा और उसके दोस्त को बस से कुचलकर मारने की कोशिश भी की गई थी। घटना के कुछ दिन बाद निर्भया की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के बाद दिल्ली सहित पूरा देश उबल पड़ा था। राजधानी दिल्ली सहित देश भर में इस गैंगरेप को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किए गए थे। पूरे देश का मीडिया एक स्वर से सत्ता के विरोध में उतरा हुआ था। उस समय कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए गठबंधन की सरकार पर दबाव बनाने के लिये जगह जगह विरोध प्रदर्शन हुये थे। और तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक विरोध स्वर को सम्मान देते हुये इस तरह के मामलों में कानून बनाने के लिए एक कमेटी का गठन किया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इन आरोपियों पर गैंगरेप, हत्या और लूट के मामलों में आरोप तय किए थे।11 जुलाई 2013 को 6 आरोपियों में से राम सिंह नाम के एक अपराधी ने तिहाड़ जेल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।तथा एक नाबालिग को गैंगरेप और हत्या के मामले में तीन साल की सजा सुनाई गई थी। जबकि विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट से लेकर उच्च न्यायलय व उच्चतम न्यायलय तक सभी अदालतों द्वारा सुनाये गये फैसलों के बाद निर्भया के शेष चारों दोषियों को 20 मार्च 2020 को सुबह 5.30 बजे तिहाड़ जेल में फांसी के फंदे पर चढ़ा दिया गया था। उस समय सत्ता का विरोध करने वाले किसी एक पत्रकार की न तो गिरफ़्तारी हुई थी न ही बदनामी के डर से सरकार अपनी आलोचनाओं को दबाने का प्रयास करते दिखाई दी। और कहना गलत नहीं होगा कि 2014 में हुये सत्ता परिवर्तन के जहां अनेक कारण थे वहीँ 'निर्भया काण्ड ' भी उन कारणों में एक था। इसी काण्ड की आड़ में भारतीय जनता पार्टी ने 2014 चुनाव पूर्व अपना लोकप्रिय नारा गढ़ा था - 'बहुत हुआ नारी पर वार -अबकी बार मोदी सरकार'।

निर्भया काण्ड के दिनों को याद कीजिए तो ऐसा लग रहा था कि स्वतंत्र भारत के इतिहास की उस समय तक की वह सबसे वीभत्स घटना थी। और यह भी कि महिला विरोधी अपराधों को रोक पाने वाली उस समय की वह सबसे विफलतम सरकार थी। आज के सत्ताधारी ही उस वक़्त की निर्भया काण्ड के सबसे बड़े पैरोकार व प्रदर्शनकारी थे।

## मक्खा-मक्खी का खेल

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वाट्सप के मैसे**जस पढ़ने से फोकट का ज्ञान बहुत मिलता है। ज्यादातर तो यह बंटाधार करता है, लेकिन कभी-कभार हम जैसे दसवीं में पाँच बार लुढ़क्की मारने वाले की किस्मत भी चमका देता है। हुआ यूँ कि हम उन दिनों खुली भैंस की माफिक जहाँ-तहाँ वाट्सप के अलग-अलग समूहों वाले खेत चरने का शौक रखते थे। कई वाट्सप खेत के मालिक वही होते थे लेकिन मुद्दे की फसल बदल जाती थी। वाट्सप मक्खी उड़ाऊ बैच के लिए बड़ी काम की चीज है। अगर आप में मक्खी उड़ाने का टैलेंट है तो आ जाओ वाट्सप के मैदान में। आपको ऐसे-ऐसे मक्खी उड़ाऊ मिलेंगे कि नानी याद आ जाएगी। एक दिन हमारा पाला एक बुढ़ऊ मक्खा से पड़ गया। यहाँ हम नर मक्खी या मादा मक्खी कहने के पचड़े में नहीं पड़ना चाहते। वैसे भी हम दसवीं फेल हैं और ऊपर से इतने दिनों से खाली बैठने का कुछ तो फायदा उठाना चाहिए। हमने नर मक्खी के लिए मक्खा शब्द का आविष्कार कर दिया। आज न्यूटन होते तो हमारे आविष्कार को देखकर अवश्य खुश होते। हाँ तो मैं बात कर रहा था बुढ़ऊ मक्खा के बारे में। बुढ़ऊ मक्खा ऊपर से बूढ़े नजर आते हैं, लेकिन अंदर से अभी भी जवान हैं। पहले कुछ दिन एक दो वाट्सप समूहों के लड्डुओं पर भिनभिनाए लेकिन वहाँ बात नहीं बनी। वहाँ से उन्हें उड़ा दिया गया। अब उन्हें लगा कि ऐरे-गैरे लड्डुओं पर बैठने का कोई फायदा नहीं। इसलिए खुद का एक लड्डू ढूँढ़ निकाला। बुढ़ऊ मक्खा ने अपने संग तीन-चार रंगीन मक्खियों को जोड़ लिया। इन तीन-चार रंगीन मक्खियों में एक इंटरनेशनल भी थी। भिनभिनाना गली, मोहल्ला, गाँव, शहर, राष्ट्र से ऊँचा उठ चुका था। अब भिनभिनाने का अंतर्राष्ट्रीयकरण हो चुका था। अब इनका हर दिन एक ही काम था झ्र भिनभिनाना। बुढ़ऊ मक्खा भिनभिनाता तो रंगीन मक्खियाँ उनकी तारीफ में भिनभिनाना शुरू कर देतीं। रंगीन मक्खियाँ भिनभिनाती तो बुढ़ऊ मक्खा लार टपकाते भिनभिनाना शुरू कर देते। अब रोज का यही तमाशा था। बुढ़ऊ मक्खा अलग-अलग वाट्सप लड्डुओं की रंगीन मक्खियों को अपने लड्डू पर भिनभिनाने का न्यौता देते। भिनभिनाने को लड्डू मिले तो रंगीन मक्खी भला कैसे मना करतीं। बुढ़ऊ मक्खा में लड्डू ढूँढ़ निकालने का टैलेंट तो था लेकिन रंगीन मक्खियाँ इन सबमें फिसड्डी थीं।

## न्यूज फ्लैश

### 'मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीतना लक्ष्य'

**बॉडी बिल्डर** विजय कुमार ने बताया कि सिंगापुर में 19-20 अगस्त तक हुई दो दिवसीय वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में करीब 18 देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस स्पर्धा में 2 गोल्ड व एक कांस्य पदक जीता है। क्लासिक फिजिक (काया) व मैन फिजिक में गोल्ड मेडल व ओवरऑल में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई स्पधाओं में पदक जीते है। अगला टारगेट बैंकाक में होने वाली चैंपियनशिप में मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीतकर देश का नाम रोशन करना है। इसके लिए वह कई-कई घंटे तक प्रैक्टिस करने के साथ ही हैवी डाइट ले रहा है।

### स्वच्छता मिशन में निजी सेक्टर का अहम योगदान: सुभाष चंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में निजी सेक्टर का अहम योगदान है। उनके बगैर स्वच्छता सर्वेक्षण और स्वच्छ भारत मिशन अधूरा है। बुधवार को देश की अग्रणी चावल निर्यातक कंपनी एब्रो इंडिया के प्लांट में स्वच्छता मानकों का निरीक्षण करने पहुंचे मिशन के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने कहा कि सभी निजी कंपनियां जहां बल्क वेस्ट जेनरेट होता है वहां उन्हें स्वयं ही संस्थान में इसका निस्तारण करना होगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'पूर्व सीएम हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा कार्यकाल के 9 साल में कांग्रेस के मुकाबले 5 गुणा कर्ज, चार गुना महंगाई, तीन गुना बेरोजगारी और दोगुना अपराध बडा है।
वह आज सेक्टर 8 में किशन कुमार के निवास पर उपस्थित लोगो को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी की हालत बहुत खराब है, क्योंकि सरकार ने युवाओं की नौकरी पाने के सारे रास्ते बंद कर दिए हैं। पहले हरियाणवी युवाओं को अग्निवीर लाकर भर्ती से रोका गया। अब सीईटी पर 4 गुना की कैप लगाकर। ऐसा करके भाजपा ने लाखों युवाओं से नौकरी पाने की उम्मीद भी छीन ली है। उन्होंने बताया कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा करनाल की जनता के साथ 10 सितम्बर को जन मिलन कार्यक्रम करेंगे। इसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा



भी लोगों से रूबरू होंगे। उन्होंने लोगों से जन मिलन कार्यक्रम में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। सुमिता सिंह ने कहा कि 4 साल से भाजपा सरकार हर भर्ती को सीईटी का बहाना बनाकर टाल रही है। सरकार का कहना था कि भविष्य में सिर्फ सीईटी पास करने वाले युवाओं को ही भर्ती पेपर देने का अवसर प्राप्त होगा। दिन-रात मेहनत करके 359146 युवाओं ने सीईटी पास किया, लेकिन सरकार ने युवाओं के साथ धोखा किया और भर्ती के लिऐ होने वाले स्क्रीनिंग टेस्ट में 4 गुना को क्वालीफाई मानने की कैप लगा दी, जो युवाओं के लिए किसी सदमे से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है। जनता आज कांग्रेस की तरफ देख रही है। कांग्रेस ने जो बनाया था उसे भाजपा गंवाने में लगी है। उनका इशारा निजीकरण करने की ओर था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। भाजपा सरकार जनता को दोनों हाथ से लूट रही है।उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जो सबकोसाथ लेकर चलती है। इस अवसर पर कृष्ण कुमार, कुलदीप सिंह, दलेल सिंह, त्रिखा, मोहनलाल मुंजाल, रामकुमार, अंशुल लाठर, बिन्नी, कृष्ण लाल, दयावंती, सिमरन इत्यादि मौजूद रहे।

## रोहिणी तप की पूर्ति पर हुआ विशेष आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। महासाध्वी श्री प्रमिला** जी महाराज की 7 वर्ष 7 महीने सुदीर्घ रोहिणी नक्षत्र तपस्या की पूर्ति के शुभावसर पर विशेष कार्यक्रम आराधना मंदिर के अरिहंत सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय तथा अन्य स्थानों के सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस विशेष तप में चार आहार के त्याग पूर्वक पूर्ण व्रत के साथ प्रतिदिन अनेक माला जाप का भी विधान होने के कारण इसका विशेष वर्चस्व तथा महत्व माना जाता है। तप पूणार्हूति पर अनेक भक्तों ने धर्मार्थ हस्पताल के लिए सहयोग राशि भी दी। सर्वप्रथम श्री चिंतामणि पाश्र्वनाथ भगवान का सामूहिक जाप किया गया। साध्वी जागृति, शिखा जैन, स्वीटी जैन, सुधा जैन ने भक्ति गीतों



से सभी को भावविभोर किया। अनिल जैन, सुरेंद्र जैन ने तपस्या के महत्व पर प्रकाश डाला।
महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने प्रभु कृपा तथा गुवार्शीष से अपने इस संकल्प की सफल पूर्ति पर संतोष प्रकट करते हुए सभी भक्तगणों को मंगल आशीर्वाद देते हुए कुछ ना कुछ नियम मयार्दा अंगीकार कर संयमनिष्ठ मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा दी।

## नगर निगम ने चमन गार्डन में अवैध निर्माण किया सील

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा के निर्देश पर अवैध निर्माण को रोकने के लिए निगम सख्ती बरते हुए है। निगम की निगरानी टीमें शहर में अनाधिकृत निर्माण पर नजर रखे हुए है, जो भी अनाधिकृत निर्माण पाया जाता है, उस पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शहर के रेलवे रोड स्थित चमन गार्डन क्षेत्र में रिहायशी नक्शा पास करवाकर व्यवसायिक ईमारत बनाने का मामला निगम के संज्ञान में आया। नगर निगम की जिला नगर योजनाकार टीम ने उक्त ईमारत पर कार्रवाई करते हुए बुधवार को उसे सील कर दिया। नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति ने यह



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निगरानी टीम शहर में विजिट पर रहती है, विजिट के दौरान उपरोक्त भवन पर टीम की नजर पड़ी। पता लगाने पर मालूम हुआ कि इसका रिहायशी नक्शा पास करवाया गया है, परंतु निर्माण व्यवसायिक किया जा रहा है। नियमानुसार आवासीय क्षेत्र में व्यवसायिक निर्माण नहीं किया जा सकता। अनाधिकृत निर्माण को रोकने के लिए निगम की ओर से भवन के मालिक को दो नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन उनकी ओर से कोई पालना नहीं की गई थी। तत्पश्चात उक्त भवन को सील करने की कार्रवाई प्रारम्भ की गई, परिणामस्वरूप नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 263 ए (1) के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। सीलिंग से 3 दिन पहले भवन को खाली करने का नोटिस भी दिया गया था। उन्होंने बताया कि सीलिंग की कार्रवाई शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए उप निगमायुक्त विनोद नेहरा को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। सहायक नगर योजनाकार संदीप राठी, भवन निरीक्षक विकास अरोड़ा व प्रशांत राणा तथा पुलिस बल मौजूद था। खास बात यह है कि इस कार्रवाई में किसी तरह का विरोध नहीं हुआ।

## सिंगापुर चैंपियनशिप में दो गोल्ड व एक कांस्य पदक विजेता का कादियान ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
खेड़ी गुर्जर गांव के विजय ने सिंगापुर में हुई विश्व चैंपियनशिप बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड व कांस्य पदक जीता है। उनकी उपलब्धि पर ग्राम पंचायत ने सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक एवं प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने बॉडी बिल्डर विजय का सम्मान करने के साथ बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कादियान ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि विजय



कुमार अब बैंकाक में होने वाली चैंपियनशिप में मिस्टर यूनिवर्स का खिताब जीतकर गांव व प्रदेश का नाम रोशन करेगा। कादियान ने कहा कि उनकी संस्था देवा सोशल वेलफेयर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही है। उनका मकसद क्षेत्र के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में खिलाड़ी बनाना है।

## संगठन ड्डार्यकर्ता पार्टी के मूल विचारों को आगे बढाने का करते हैं काम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। भाजपा जिला** कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता मे एक विशेष बैठक हुई, जिसमें भाजपा जिला करनाल प्रभारी दीपक शर्मा की मौजूदगी में जलमाना मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश जांगडा को जिला कार्यकारिणी सदस्य व दर्शन सिंह उपलानी को जलमाना मंडल का मंडल अध्यक्ष बनाया गया। भाजपा जिला प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि जिस प्रकार शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उन्हें आगे बढ़ाने में दिन-रात लगे रहते हैं।

## उपायुक्त ने बागवानी मार्केट के निर्माण कार्य को समयबद्धता से पूर्ण करवाने के लिए ली समीक्षात्मक बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट (आईआईएचएम) का दौरा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समयबद्धता के साथ मंडी का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। संबंधित अधिकारियों ने पावर प्वाईंट प्रेजेंटेशन देते हुए पहले फेज के निर्माण की पूरी रूपरेखा से अवगत करवाते हुए बताया कि मई-2025 तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर काम तीव्र गति से प्रारंभ किया जा चुका है। पहले फेज के निर्माण पर करीब 2600 करोड़ रुपये की लागत आएगी, जिससे शेड, रोड, दुकानें, ऑफिसर्ज कालोनी, किसान विश्राम गृह, फायर स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कैब सर्विस के लिए टैक्सी स्टैंड, सौर ऊर्जा प्लांट आदि की सुविधा दी जाएगी। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी अथवा अन्य प्रकार की कोई समस्या तो पेश नहीं आ रही। उन्होंने पानी आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि की भी जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बताया कि 1 अक्तूबर से ग्रैप शुरू हो जाएगा, जिसकी अनुपालना का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उपायुक्त ने कहा कि आईआईएचएम अंतर्राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है जो सोनीपत जिले के लिए गौरव का विषय है। आईआईएचएम से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। बैठक में एसडीएम डा. निर्मल, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी पूनम चंदा, तहसीलदार मनोज कुमार, सरपंच आशीष सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## वजन कम करने के लिए कपालभाति क्रिया बहुत मददकारी: दिनेश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष वजन घटाओ प्रतियोगिता के चौथे दिन फव्वारा पार्क योग कक्षा में मिशन के प्रमुख दिनेश गुलाटी ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।
उन्होंने बताया कि इस वजन घटाओ चैलेंज में मिशन के बहुत से साधक भाग ले रहे हैं। जिससे कि वे एक स्वस्थ और बेहतर जीवन शैली का चुनाव कर पाएं। उन्होंने वजन को कम करने के लिए विशेष रूप से



योग क्रियाएं कार्रवाई और वजन को घटाने के लिए विशेष टिप्स दिए। शरीर का वजन घटाने और पेट को कम करने के लिए योग साधकों को उत्तानपादासन, भुजंगासन, शलभ आसन, चक्रिका आसान, पाद हस्त आसान का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि वजन कम करने के लिए विशेष रूप से कपालभाति क्रिया बहुत मददकारी है। वजन घटाने में भोजन संबंधित आदतें भी महत्वपूर्ण है और योग के साथ.साथ उन्होंने भोजन संबंधित नियमों के विषय में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की।योग साधकों में इस प्रतियोगिता को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। कक्षा में कक्षा में रमा,बबल, रितु, रुचि, विशाखा, रिंकी, अनुज, अजय,सुधीर आदि मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र में फिनसस्विंमिंग नेशनल में प्रतियोगिता में रोबिन तुषीर ने स्वर्ण पदक पर किया कब्जा

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
बालेवाड़ी स्टेडियम पुणे महाराष्ट्र में आयोजित फिनसस्विंमिंग नेशनल में प्रतियोगिता में सनराइज स्कूल के एसीएन स्विमिंग अकादमी के खिलाड़ियों 11 खिलाड़ियों ने पदम जीते है। हरियाणा की टीम के कुल 14 खिलाड़ियों ने पदक जीते थे। टीम में कुल 59 छात्रों ने भाग लिया था। सनराइज अकेडमी के संचालक कर्नल दीपक ने बताया कि सबसे उम्दा प्रदर्शन रोबिन तुषीर का रहा, जिसने सीनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया और अपने वर्ग में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप हासिल कर प्रदेश में अपने परिवार का नाम रौशन किया। इसके अलावा आशीष ने कांस्य पदक, कुनाल कास्य पदक, इशिका तुषीर ने रजत पदक, निशिका तुषीर कांस्य,तरुण तुषीर रजक पदक , राहुल तुषीर रजक पदक, प्रिंस तुषीर रजक पदक,साकेत तुषीर रजक पदक हासिल किया। इसके अलावा खिलाड़ी अनूप राठौर ,सिमरन ढूल, शुभम ढूल,गौरव धूल, दिया धूल, रितविक, अद्विक,अरहंत खत्री, अंजलि धूल, हिमांशी ढूल, तृषा,येसना चौहान, श्रेया, मीरा चौहान, रिधिमा,आश्विन दहिया, मीकुंज ढूल, निकुंज ढूल, हिमांशु, दीपिका, तुषार, वीर ने हिस्सा लेकर बेहतर प्रदर्शन किया।

## नारी निकेतन को जल्द मिलेगा आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया भवनः अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त** एवं केएससीएल के सीईओ अनीश यादव के नेतृत्व में करनाल शहर में स्मार्ट सिटी के प्रौजेक्ट तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उपायुक्त सभी प्रोजैक्टों पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने बुधवार को शक्ति कॉलोनी में बन रहे मिक्सड यूज डेवलेपमेंट प्रोजैक्ट, कर्ण स्टेडियम, कैलाश में हॉकी स्टेडियम तथा सेक्टर 32 में निमार्णाधीन इंडोर स्पोर्टस कॉम्पलैक्स में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रोजैक्टों को तेजी से पूरा करें। गौरततलब है कि मिक्सड यूज डेव्लेपमेंट प्रोजैक्ट शहर की शक्ति कॉलोनी में बन रहा है। इनमें से नारी निकेतन के लिए आधुनिक



सुविधाओं से युक्त नए भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है जिसे जल्द ही महिला एवं बाल विकास विभाग को सुपुर्द किया जाएगा। इससे नारी निकेतन में रहने वाली महिलाओं को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इस भवन के निर्माण पर करीब 6 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस भवन में ग्राउंड फ्लोर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी का कार्यालय, अधीक्षक कार्यालय, मीटिंग रूम, डीपीओ स्टाफ रूम, स्टोर रूम, लेखाकार एवं सहायक रूम, प्रथम मंजिल पर अटेंडेंट रूम, लाईब्रेरी रूम, कम्पयूटर रूम, पार्लर व सिलाई रूम, टीवी रूम, नारी निकेतन इनमेटस के लिए हॉल, द्वितीय तल पर काउंसलर रूम, हॉल नंबर 1 में क्लास रूम व वोकेशनल ट्रेनिंग, हॉल नंबर 2 में पैरामेडिकल रूम, बड़े हॉल में नारी निकेतन इनमेटस रूम तथा तृतीय तल पर बड़ा हॉल, टीवी व वोकेशनल ट्रेनिंग तथा एक हॉल में ओएच इनमेटस रूम बनाए गए हैं। उपायुक्त ने बताया कि पहले यहां नगर निगम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय सहित महिला आश्रम व नारी निकेतन जैसे भवन थे, जो काफी पुराने और बेतरतीब दिखाई देते थे। लेकिन अब यहां अत्याधुनिक तकनीक से नए भवन बनाए जा रहे हैं। बड़ा प्रोजैक्ट होने के नाते इस पर 106 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

## न्यूज फ्लैश

### जन्माष्टमी विशेषः कान्हा की नगरी में दूध से सस्ता दही, बात निकली सही!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा को भक्त माखन चोर कहते हैं, तो कोई नटखट ग्वाला। हाल फिलहाल कान्हा के ब्रज में जो हो रहा है वह अचंभित करने वाला है लेकिन सच है। कान्हा की नगरी में दूध से सस्ता दही मिल रहा है। मिलावटी दूध मिल रहा है तो सिंथेटिक दूध पीकर लोग बीमार हो रहे हैं। यह कारोबार वर्षों से हो रहा है लेकिन अधिकारी इसे सही बताते रहे हैं। इसके पीछे के कारण बताते रहे हैं, लेकिन जब जब सैंपलिंग हुई और जांच रिपोर्ट आई तो अधिकारियों के दावों की भी पोल खुलती रही है। दूध की कीमत से भी कम कीमत पर दही के साथ पैकिंग और प्लास्टिक की कट्टी भी मिल रही है। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम न्यायालय द्वारा सुंदरलाल निवासी वृंदावन पर मिलावटी दही का विक्रय करने के कारण एक वर्ष के कारावास की सजा तथा 5000 जुमार्ना लगाया गया।

मिलावट करने वाले खाद्य कारोबारियों पर लगा 66 लाख 95 हजार का जुमार्ना लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जांच के लिए संग्रहित नमूना की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत मिलावट खोरी करने वाले खाद्य करवाणियों के विरुद्ध अपर जिलाधिकारी प्रशासन के न्यायालय में मुकदमा दायर किए गए। न्यायालय द्वारा मिलावट खोरी करने वाले कारोबारियों पर 66 लाख 95 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। इससे पूर्व माह में 138 खाद्य कारोबारी पर 51 लाख 99 हजार जुमार्ना लगाया जा चुका है। उमर मोहम्मद निवासी हसनपुर होडल पलवल, परमानंद निवासी प्रखम, हन्नान मोहम्मद निवासी शेरगढ़, डोरी लाल निवासी बड़ी हवेली गोवर्धन पर मिलावटी दूध व पनीर विक्रय करने के कारण क्रमशः 70000, 60000, 120000, 55000, फ्यूचर रिटेल लिमिटेड ईजीडे मसानी चैक घटिया खजूर विक्रय करने पर 65000, संजय निवासी गुप्ता कॉलोनी राया मिलावटी पेड़ा, भज्जू निवासी कोसीकला घटिया नमकीन, मोहित निवासी धोली प्याऊ मिलावटी पेड़ा का विक्रय करने पर क्रमशः 55000, 65000, 45000 आदि पर 66 लाख 95 हजार जुमार्ना अधिरोपित किया गया।

---

खाद्य कारोबारियों से अपील है कि वह गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ का ही विक्रय करें उनके द्वारा यदि मिलावट की जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
**-डॉ. गौरी शंकर, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मथुरा**

### भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ मनाएगी कांग्रेस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा का एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर पदयात्रा निकाल कर इस यात्रा की वर्षगांठ मनाएगी। जिला अध्यक्ष कांग्रेस भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि पदयात्रा के जरिये भारत जोड़ने का संदेश दिया जाएगा। होली गेट से कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मिलकर सात सितंबर को पदयात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी होली गेट पहुंच कर भारत जोड़ने का आह्वान करेंगे। गुरुवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर व पदयात्रा के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर ब्रज में आए हुए सभी श्रद्धालुओं से भारत जोड़ने का आह्वान करेंगे। उन्होंने कांग्रेस के सभी कार्यकताओं से सात सितंबर की सुबह 11 बजे शहर कांग्रेस कार्यालय होली गेट पहुंचने की अपील की है।

### कछुआ को तस्करी कर ले जा रहे दो लोग दबोचे

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कछुओं की तस्करी में लगे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस को तीन जिंदा और एक मृत कछुआ मिला। पुलिस के मुताबिक ये लोग कछुआ और दूसरे जीवों की तस्करी में लिप्त हैं। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत थाना नौहझील पर तस्करी के दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पकड़े गये दोनों आरोपित हापुड़ के रहने वाले हैं। चैकी प्रभारी यमुनापुल थाना नौहझील आदेश कुमार के मुताबिक जीतेन्द्र निवासी निराज्य सेवा समिति रेलवे पार्क के पास थाना कोतवाली जनपद हापुड तथा शिवकुमार निवासी मीरा की रेती थाना कोतवाली गढमुक्तेश्वर जिला हापुड को गजेन्द्र के मकान के पास शेरगढ नौहझील रोड ग्राम मकदूमपुर थाना नौहझील को गिरफ्तार किया गया।

# भाकियू के राष्ट्रीय अधिवेशन में किसान महापंचायत की तैयार हुई रणनीति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत का मथुरा में आयोजित हुआ तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन बुधवार को संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में लखनऊ में होने जा रही संगठन कि किसान महापंचायत की रणनीति तय हुई। अधिवेशन की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजपाल शर्मा ने की। अधिवेशन में प्रमुख रूप से युवा किसान नेता गौरव टिकैत एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चैरोली मी मौजूद विशेष रही। अधिवेशन में गौरव टिकैत ने कहा कि 18 सितंबर को राजधानी



लखनऊ में होने वाली किसान महापंचायत की सफलता के लिए रणनीति तैयार की गई है। यह महापंचायत किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। गौरव टिकैत ने संगठन को और अधिक मजबूत गतिशील बनाने पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से कहा कि देश व किसानों की सफलता के लिए संगठन का मजबूत होना बहुत जरूरी है। प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने प्रदेश में संगठन को लेकर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया। उन्होंने लखनऊ की किसान महापंचायत के लिए अधिक से अधिक संख्या में किसानों से पहुंचने की अपील की।

प्रदेश प्रवक्त गजेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार किसानों का शोषण कर रही हैं। इस दौरान राष्ट्रीय प्रचार मंत्री करूआ सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बुद्धा सिंह प्रधान, प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार, प्रदेश सचिव ओम प्रकाश सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य कराल सिंह, जिला अध्यक्ष आगरा राजवीर लवानिया, जिला अध्यक्ष मथुरा देवेंद्र सिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद प्रेम अतुल यादव, जिला अध्यक्ष मैनपुरी रूपेंद्र शाक्य, तेज बहादुर, भंवर सिंह, महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष मीना चैधरी, चैधरी अमन चाहर, देवेंद्र सिंह पारसोली, जयवीर सिंह एटा, मंडल प्रमुख महासचिव जगदीश परिहार, जिला महासचिव बृज बिहारी मथुरा, सलीम खान, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष मथुरा रीना चैधरी आदि मौजूद रहे।

## पहले दिन 7574 लघु आपराधिक वादों लोक अदालत में निस्तारण

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
लोक अदालत में 7574 लघु आपराधिक वादों को निस्तारण हुआ।
छह सितम्बर से आठ सितम्बर तक आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए आयोजित विशेष लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा आशीष गर्ग द्वारा बुधवार को प्रातः 10 बजे केन्द्रीय कक्ष जनपद न्यायालय मथुरा में मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र पाण्डेय, अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी अभिषेक पांडेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरू शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरब राज सहित समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी, वादकारी उपस्थित रहे।
आयोजित विशेष लोक अदालत में 9137 लघु आपराधिक वाद निस्तारण के लिए नियत किये गये, जिनमें से 7574 वादों का निस्तारण किया गया। सात सितम्बर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के अवकाश पर विशेष लोक अदालत के आयोजन के लिए न्यायालय परिसर में सभी मजिस्ट्रेट न्यायालय खुले रहेंगे तथा लघु आपराधिक वादों का निस्तारण किया जायेगा। अतः आम जनमानस श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व के अवकाश के दिन भी अपने लघु आपराधिक वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

## रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी की धारदार हथियार से कर दी हत्या

**-सेवानिवृत्ति के बाद गांव में ही रहे थे गुलाब सिंह**
**-हत्या के खुलासे में जुटीं पुलिस की तीन टीमें**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रेलवे से रिटायर्ड एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की रात के समय हत्या कर दी गई। बुधवार की सुबह मृतक का खून से लथपथ शव चारपाई पर पडा देख परिजनों के होश उड गये। हत्या की सूचना पर आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया है।
थाना हाईवे क्षेत्र के ग्राम अडूकी हाईवे निवासी गुलाब सिंह रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। रिटायर्ड होने के बाद वह गांव में ही अपने परिवार के साथ रह रहे थे। दो दिन पहले उन्होंने एक भैंस खरीदी थी। घर से करीब 100 मीटर के दूरी पर नौहरे में वह भैंस को रख रहे थे। रात को वह नौहरे पर ही सोने चले जाते थे। मंगलवार की रात को भी वहीं सोने चले गये। सुबह जब घर नहीं पहुंचे तो परिजन उन्हें देखने नौहरे पर आये। परिजनों ने देखा कि गुलाब सिंह चारपाई पर खून से लथपथ पड़े थे। गुलाब सिंह की हत्या की खबर गांव में आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। इस बीच घटना की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई। थाना हाईवे पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया।
रिटायर्ड रेलवे कर्मी की हत्या की सूचना पर एसपी सिटी एमपी सिंह, सीओ रिफाइनरी हर्षिता सिंह, प्रभारी निरीक्षक हाइवे उमेश कुमार त्रिपाठी भी पहुंच गये। पुलिस अधिकारियों ने घटना के संबंध में ग्रामीणों से बात की। परिजनों से भी बात की तथा फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया गया। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर कुछ नमूने लिए। एसपी सिटी ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

## डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह का आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बाल शिक्षा प्रबंधक समिति मथुरा का द्वितीय डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान समारोह का आयोजन मां रेशम देवी भगवान दास आदर्श इंटर कॉलेज सराय आजमाबाद पर आयोजित हुआ। इस आयोजन में करीब 60 विद्यालयों के प्रबंधक प्रधानाचार्य तथा अध्यापकों ने प्रतिभा किया। इस आयोजन का मंच संचालन दीपक गोस्वामी ने किया तथा अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष विनीत मौर्य द्वारा की गई। विनीत मौर्य ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का सम्मान समारोह विशेष उन अध्यापकों समर्पित है। जिन्होंने अपने विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने में विद्यालय का भरपूर सहयोग किया है।

## 90 घरों की चेकिंग कर साढ़े चार लाख वसूले

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकलां में बकाया वसूली के लिए विद्युत निगम ने अब रुख और सख्त कर लिया है। यदि कोई उपभोक्ता एक माह का बिल रोकेगा तो उसका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा। विभाग द्वारा बुधवार को चलाए गए अभियान में बकाया बिलों की वसूली, लोड परिवर्तन, बिल संशोधन और बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। एक्सईएन एनपी सिंह के निर्देशन में उपखंड अधिकारी सर्वज्ञ राम ने चेकिंग टीम के साथ अभियान चलाकर 15 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काटकर दो के मीटर उखाड़ लिए। इस मौके पर चार लाख 50 हजार रुपये बकाया राजस्व की वसूली की गई। टीम ने 90 घरों की चेकिंग की। 10 लोगों



का बिल सही कराकर बकाया राशि जमा कराई गई। कई त्रुटिपूर्ण बिलों को संशोधित किया गया।
एसडीओ ने बताया कि क्षेत्र में करीब पांच हजार ऐसे उपभोक्ता है, जिन्होंने अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है। विद्युत निगम वसूली और बिजली चोरी रोकने को लगातार अभियान चला रहा है। क्षेत्र में 50 हजार रुपये से ऊपर के 10 प्रतिशत बकाएदार उपभोक्ता हैं। वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिसके चलते अलग अलग टीमों को राजस्व लक्ष्य दिया गया है। अब अगर कोई उपभोक्ता एक महीने के भी बकाया का भुगतान नहीं करता है तो ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

# प्रभु ज्ञान से आयेगी वास्तविक सुंदरताः निरंकारी संत

**सत्संग**

▶▶सत्संग में सुख, शांति, आंनद, खुशियां और संत महात्माओं के आशीर्वाद मिलते हैं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सत्संग से दृष्टि और वाणी बदलती है। भक्ति मजबूत होती है और प्रभु के प्रति विश्वास दृढ़ होता है, उक्त विचार दिल्ली से आये निरंकारी संत एसएल गर्ग ने यहां मथुरा आगमन पर हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर आयोजित सत्संग में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्संग में सुख, शांति, आंनद,



खुशियां और संत महात्माओं के आशीर्वाद मिलते हैं। सत्संग से रोम रोम खिल उठता है। सतुगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज सबको सत्य का संग करा रहे हैं। संत एसएल गर्ग ने कहा कि जब हमारी दृष्टि अच्छी है तो सब अच्छे ही नजर आयेंगे। अगर हमारी अपनी वाणी में मिठास है तो औरों के भी बोल हमें मधुर लगेंगे, हमें भायेंगे। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि एक उम्र भी कम है प्यार के लिए, लोग कैसे नफरत के लिए समय निकाल लेते हैं। उन्होंने कहा कि चींटी अगर तलवार पर चढ़े तो कभी नहीं कटेगी, वहीं अगर हाथी पैर रखेगा तो तलवार से पैर कट जाएगा। कारण सिर्फ वजन का है। हाथी का पैर अपने वजन के कारण ही कटा। यही स्थिति इंसान की है, जिसने वैर नफरत, धन दौलत, पद प्रतिष्ठा के अभिमान का वजन बढ़ा लिया है, जिसके कारण उसकी दशा बिगड़ती देखी जाती है। निरंकारी संत ने कहा कि कोयले को साबुन से या दूध दही से या फिर किसी अन्य रंग से बदला नहीं जा सकता। कोयला काला का काला ही रहता है, लेकिन जैसे ही कोयला अग्नि के हवाले होता है, उसका रंग बदल जाता है, वह काले से लाल हो जाता है, इसी प्रकार नाकारात्मक विचारों से ग्रसित इंसान कितने भी सौंदर्य प्रसाधन लगा ले, उसके जीवन में सुंदरता नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि युग सुंदर, सदियां सुंदर, गर मानव जीवन हो सुंदर। मानव के जीवन में वास्तविक सुंदरता प्रभु ज्ञान से आएगी। इस मौके पर मथुरा के जोनल इंचार्ज श्री एच के अरोड़ा ने संतों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। संचालन एस के रावत ने किया। स्थानीय मीडिया प्रतिनिधि किशोर स्वर्ण ने बताया कि केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड, संत निरंकारी मंडल के कंवीनर श्री एस एल गर्ग जी दिल्ली से लखनऊ, कानपुर, इटावा, आगरा, मथुरा आदि शहरों में प्रचार यात्रा पर निकले थे।

## 35 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्राइवेट चिकित्सक देंगे सेवाएं


**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सरकार की ओर से संचालित जनपद के 35 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर केएम हॉस्पिटल के चिकित्सक रविवार को निशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं देंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं केएम मेडिकल कॉलेज एंड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अध्यक्ष किशन चैधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में प्रत्येक रविवार को केएम सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक मथुरा के 35 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अपनी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे है। जिसमें मेडिसिन रोग हड्डी रोग सर्जरी रोग महिला रोग बच्चा रोग विभाग के चिकित्सा बलदेव, चौमुंहा, छाता, फरह, गोवर्धन, बरसाना एवं मथुरा के 35 गांवों के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार सुबह 10:00 बजे से 2:00 बजे तक निःशुल्क सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हर उस गरीब मरीज के इलाज के लिए सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को 24 घंटे तैयार है, उन्होंने बताया कि केएम अस्पताल में भी इलाज सरकारी दरों की समानता या उससे भी कम दरों में उपलब्ध करवाया जा रहा है, अस्पताल में समस्त प्रकार के उपलब्ध ऑपरेशन निःशुल्क किये जा रहे हैं। अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए निशुल्क बैड चार्ज, खून की जांच, डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउंड व मरीज के लिए निशुल्क भोजन की सुविधा भी उपलब्ध है, अस्पताल में समस्त प्रकार की गंभीर बीमारियों का इलाज जनरल वार्ड में केवल दवाई के खर्चे पर किया जा रहा है।

## कोसी में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के देहली गेट स्थित सराय निकासा में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच बुधवार को किसी बात को लेकर आपस में भिड गये। जिसमें कई लोग घायल हो गये, मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। बुधवार की दोपहर अफरोस पत्नी स्व. अब्बास हुसैन और अमजद पुत्र हस्सू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गाली गलौच के बाद विवाद इतना बढ गया कि दोनों ओर से एकत्रित लोगों ने लाठी डण्डे लेकर एक दूसरे पर हमला बोल दिया। इससे लोगों में भगदड मच गयी। दोनों पक्षों के लोग छतों पर चढ़कर पत्थर बाजी करने लगे। पत्थरबाजी से आस पडोस में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मारपीट में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। झगडा की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी।

## आज अवतरित होंगे कान्हा, स्वागत को सजी मथुरा


**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कान्हा के अवतरण के साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मथुरा वृंदावन में डेरा डाल दिया है। लोगों की अधीरता लगातार बढ रही है। अपने लाडले स्वागत के लिए मथुरा वृंदावन सहित गोकुल, महावन, नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन, राधाकुंड आदि को भव्य रूप से सजाया गया है। ब्रज के मंदिरों की शोभा देखते ही बन रही है। मथुरा वृंदावन में देशभर के कलाकारों ने कान्हा की लीलाओं को दीवारों पर उकेरा है। तिराहे चौराहों को



भव्य रूप से सजाया गया है। रात को दूधिया रोशनी में नहाया शहर अद्भुत शोभा पा रहा है। बुधवार को श्री राम जन्मभूमि न्यास, श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपालदास महाराज श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर सात सितम्बर जन्माष्टमी को कन्हैया का अभिषेक करेंगे। उन्होंने बुधवार को मथुरा जंक्शन मार्ग स्थित राम हनुमान मंदिर पहुंच कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। हिला पुरुषों ने वाद्ययंत्रों की धुन हरिनाम संकीर्तन किया। महाराज ने कुछ दूरी से अपने भक्तों को दर्शन दिये और उनका अभिवादन स्वीकार किया। मंदिर के महंत रामजी बाबा ने इस दौरान सभी व्यवस्थाएं सम्हालीं। महंत नृत्य गोपाल दास कोरोना से पीड़ित होने के बाद पहली बार मथुरा आए हैं। उनके अनुयायियों का मंदिर पर तांता लगा हुआ है। लाडले कान्हा के अवतरण के लिए घर घर तैयारियां चल रही हैं। बृजवासी अपने लाडले के स्वागत के लिए आतुर हैं। कृष्ण जन्माष्टमी पर गोवर्धन के प्रमुख मंदिरों में कान्हा स्वरूप गिरिराज जी का उत्सव मनाया जाएगा।

# ओवर बिलिंग, विद्युत कटौती परेशान हुए लोग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ओवर बिलिंग और अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। एक और तमाम लोगों के यकायक बिल बढ कर आ रहे हैं वहीं बिजली भी नहीं मिल रही है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने बिजली विभाग के खिलाफ बडे आंदोलन का ऐलान किया है। किसान संगठन के नेताओं का कहना है कि जनपद वासियों का हाल बेहाल है। अघोषित कटौती ने आम आदमी को रुला कर रख दिया है। भाकियू चढ़ूनी के मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा है कि जनपद में पूरी साल ओवर बिलिंग, आए दिन फॉल्ट, अघोषित कटौती आम आदमी के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। बिजली अधिकारी एसी में बैठकर आम



आदमी की पीड़ा को नहीं समझना चाहते। परेशान लोग विद्युत विभाग के कार्यालयों के चक्कर लगाकर थक जाते हैं लेकिन उनके काम नहीं हो पा रहे हैं। विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। लोग बिजली के मीटर की ओर देखकर डरने लगे हैं। अधिकारी आम लोगों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। उन्होने कहा कि भाकियू चढ़ूनी बिजली विभाग के खिलाफ बडा आंदोलन करेगी। बड़े आधिकारियों का घेराव किया जायेगा। जिला अध्यक्ष रामफल सिंह, प्रेम सिंह सिकरवार, डा रमेश चंद्र सिकरवार, महानगर अध्यक्ष रामकुमार, जगदीश निषाद ने कहा कि बिजली गुल होने के बाद जेई एसडीओ सियूजी फोन तक नहीं उठाते, कभी फोन उठा भी लें तो लोगों से ढंग से बात नहीं करते। लोगों की समस्याओं का समाधान करने की इनकी मंशा नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से ग्रामीणों में सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाए गए शेड्यूल के अनुसार भी बिजली उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सेनापति कुंतल ने कहा कि बिजली पर निर्भर दुकानदारों में बिजली निगम के प्रति खासा गुस्सा व्याप्त है। अघोषित बिजली कटौती ने पेयजल आपूर्ति को भी बिगाड़ दिया है। महानगर प्रभारी जयपाल सिंह चौधरी, सलाहकार श्यामपल सिंह, प्रताप सिंह प्रधान, मानसिंह उर्फ भुल्ली, डा सतीश चन्द्र, चरण सिंह पवार, हरिपाल सिंह परिहार, लक्ष्मण सिंह चैधरी, हीरा सिंह चैधरी, संदीप कुमार, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है।

## विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस मनाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन परिक्रमा मार्ग स्थित राधाकांत युगल स्वरूप ग्वालियर मंदिर कुसुम सरोवर पर विश्व हिंदू परिषद का 59 वा स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनायक राव देशपांडे सुबह गोवर्धन पहुंचे। गोवर्धन पहुंच कर मुखारविंद पर गिर्राज जी की पूजा अर्चना की और गिर्राज जी पर दूध की धार चढ़ा कर परिक्रमा की। स्थापना दिवस के मौके मुख्य वक्ता रहे अखिल भारतीय संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे ने कहा कि आज हिन्दू जाति में बट कर रह गया है। यही वज है कि सनातन धर्म पर हर कोई उंगली उठा देता है। इसका मुख्य कारण है यही है कि हम




लोग जाति में बंटे हुए हैं। हमें जातिवाद भूल कर सिर्फ हिंदू बनाना पड़ेगा तभी हम देश विरोधी संगठनों को परास्त कर पाएंगे। वहीं कृष्ण जन्म भूमि सवाल पर कहा कि जितना संघर्ष हमने राम जन्मभूमि के लिए किया है उससे कम संघर्ष कृष्ण जन्म भूमि को मुक्त कराने में करना पड़ेगा। उदयगिरी द्वारा की गई सनातन धर्म को खत्म करने की टिप्पणी पर कहा कि ये सत्ता के नशे में चूर है इस तरह को टिपणी की हम घोर निन्दा करते हैं।

# ज्योति ने किया समाज कल्याण के लिए कार्यालय का उद्घाटन

## इस कार्यालय पर मुफ़्त करियर काउंसलिंग की सुविधा भी रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुरथल रोड़ पर** सहायक प्रोफसर ज्योति दहिया ने सामाजिक कार्यों तथा समाज कल्याण में अपने योगदान हेतु कार्यालय का उद्घाटन किया। प्रातःकालीन हवन के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें अनेकों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर ज्योति दहिया ने बताया कि कोई भी साधारण व्यक्ति अपने व्यक्तिगत प्रयासों से सामाजिक परिवर्तन जनित कर सकता है। कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य सामाजिक स्तर पर विद्यमान और राजनीतिक स्तर पर विद्यमान असमानताओं के संदर्भ में आवाज उठाना है तथा लोगों को जागरुक करना है। आज हमारे समाज को आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता को बनाए रखने की जरूरत है ताकि समाज सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ सके। आज ऑफिस के उद्घाटन के समय ज्योति दहिया ने अपने द्वारा निर्मित फांउडेशन के बारे में भी जानकारी दी जिसका नाम है अस्तित्व फाउंडेशन जिसका मौलिक उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं के संदर्भ में कार्य करना है और जन चेतना निर्मित करना है ताकि सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया जा सके । उन्होंने बताया कि सरकारी कर्मचारियों के सामने जैसे NPS एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में विधमान है इसलिए पुरानी पेंशन संघर्ष समिति के साथ जुड़ इस मुद्दे को मजबूती से उठाना भी एक प्रमुखता रहेगी ।उन्होंने बताया कि NPS विरोधी रैली 1 अक्तूबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी और यह राष्ट्रीय स्तर की रैली होगी तथा सरकार को चेताया जाएगा कि वो NPS को समाप्त करके OPS को लागू करें यानि पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करे जो कि सभी कर्मचारियों के हित में है ।कार्यालय के संदर्भ में ज्योति दहिया ने बताया कि वह अपने व्यस्त समय में से अध्यापन के उपरांत इस प्रयास के लिए उपलब्ध रहेंगी तथा समाज कल्याण के लिए कार्य करना चाहेंगीं ।एक जागरूक नागरिक का यह कर्तव्य भी बनता है कि वो अपना कुछ समय समाज के उत्थान में भी लगाएँ ।कार्यालय पर उनकी उपलब्धता दोपहर 3 से 5 बजे तक प्रतिदिन रहेगी जिससे लोगों से मिला जा सके और विचारों को साझा किया जा सके। इस कार्यालय पर मुफ़्त करियर काउंसलिंग की सुविधा भी रहेगी ताकि युवाओं को रोजगारोन्मुख किया जा सके और उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जा सके जिससे उनके अवसाद एवं निराशावाद को समाप्त कर उन्हें सकारात्मक दिशा की ओर मोड़ा जा सके क्योंकि युवा ही आज समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



**समाजसेवा लक्ष्य**

**ज्योति दहिया ने बताया कि कोई भी साधारण व्यक्ति अपने व्यक्तिगत प्रयासों से सामाजिक परिवर्तन जनित कर सकता है**

### न्यूज फ्लैश

## करनाल के बाद छावनी में भी हुड्डा व शैलजा ग्रुप में हुई नारेबाजी



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**कांग्रेस हरियाणा** में पिछले साढ़े 9 सालों से भंग चल रहे संगठन को खड़ा करने का प्रयास कर रही है, लेकिन हरियाणा में कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी उभरने नहीं दे रही। जींद और करनाल के बाद अंबाला कैंट के कांग्रेस भवन में हुई मीटिंग में भी हंगामा हुआ। हुड्डा और कुमारी सैलजा गुटों ने नारेबाजी की।कुमारी सैलजा गुट के वर्कर्स ने हुड्डा बाप-बेटे की न चलने देंगे के नारे लगाए। वहीं, हुड्डा गुट ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा जिंदाबाद के नारेबाजी की। यही नहीं, दोनों गुट दूर-दूर बैठे दिखाई दिए। कुमारी सैलजा गुट के वर्कर्स कांग्रेस भवन तो वहीं हुड्डा गुट के नेता व वर्कर्स सामने दुकान में खड़े दिखाई दिए। बता दें कि अंबाला में आज कांग्रेस की संगठनात्मक प्रक्रिया को लेकर अहम बैठक हुई, जिसमें हुड्डा व सैलजा गुट में विरोधाभास देखने को मिला। इस दौरान पर्यवेक्षक शाबिर खान पठान व समन्वयक रघुवीर तेवतिया, जयपाल लाली के सामने ही सैलजा और हुड्डा गुट के वर्कर्स ने नारेबाजी की और अपने-अपने नेताओं के कसीदे पढ़े। हालांकि, पर्यवेक्षकों ने इस दौरान गुटबाजी से इनकार किया और कहा सभी कांग्रेस के लिए काम कर रहे हैं।
हरियाणा कांग्रेस में संगठन नहीं बन पाने की सबसे बड़ी वजह गुटबाजी है। इस समय पार्टी में दो गुट हैं। पहला पूर्व उट भूपेंद्र सिंह हुड्डा का, जो सबसे मजबूत माना जाता है। दूसरा रणदीप सुरजेवाला, कुमारी शैलजा और किरण चौधरी का गुट है, जो अब हुड्डा के खिलाफ एक साथ है। हुड्डा की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हरियाणा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान को उन्हीं की मर्जी से लगाया गया है। बता दें कि जिलों में हो रहे विरोध के बीच हुड्डा विरोधी खेमे के नेता सुरजेवाला, शैलजा और किरण चौधरी दिल्ली पहुंच थे। यहां उन्होंने हरियाणा में चल रहे हालातों को लेकर केंद्रीय नेतृत्व से अपनी नाराजगी जाहिर की। कुमारी शैलजा ने केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात के बाद कहा कि जिलों में बाहर के प्रभारी लगा दिए गए हैं, जो असली कांग्रेसी कार्यकताओं की अनदेखी कर रहे हैं। इससे कार्यकताओं में रोष है।

## बच्चों को ऋषि कुल की शिक्षा देने का प्रयत्न करें शिक्षकः प्रेम हिंगाखेड़ी

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**
**लाडवा** रोड स्तिथ निजी रेस्ट्रोरेंट में रोटरी क्लब शाहाबाद द्वारा शिक्षक दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता प्रेम हिंगाखेड़ी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में गुरुकुल के आचार्य वेद वर्त उपस्थित रहे। सर्वप्रथम प्रोजेक्ट निदेशक प्रितपाल सिंह ढिल्लो, रोटरी सचिव दीपक कक्क्ड़ और रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने आए हुए मेहमानों के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि प्रेम हिंगाखेड़ी ने रोटरी क्लब द्वारा चुने गए सभी अध्यापकों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि सम्मान प्राप्त करने वाले अध्यापक अन्य अध्यापकों के लिए मार्गदर्शक बनेंगे। वशिष्ठ अतिथि आचार्य वेद वर्त ने उपस्तिथ अध्यापकगणो से अनुरोध किया कि वह स्कूल में बच्चों को ऋषि कुल की शिक्षा देने का प्रयत्न करें और विद्यार्थियों में अनुशासन, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, समर्पण और अच्छे आचरण जैसे उत्तम गुण पैदा करने के लिए हर संभव यत्न करें, जिससे विद्यार्थी समाज के आदर्श नागरिक बन सकें। रोटरी प्रधान आशुतोष गर्ग ने बताया कि ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी डॉ एस एस आहूजा सहित शिक्षा प्रणाली में बेमिसाल सुधार करने में अहम योगदान देने वाले आस-पास के क्षेत्र के कुल 31 टीचरों को आज क्लब द्वारा सम्मानित किया गया है और आज आयोजित कार्यक्रम में विनोद बंसल ठोल का विशेष योगदान रहा। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एस एस आहूजा ने बताया कि रोटरी क्लब शाहाबाद समाज सेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी रहता है और समाज या किसी जरूरतमंद के सामने कोई समस्या आने पर रोटरी क्लब के पदाधिकारी मदद के लिए पहुंच जाते हैं। उन्होंने आज आयोजित कार्यक्रम हेतु रोटरी क्लब के सभी सदस्यों को बधाई दी। इस मौके विनोद बंसल, आरडी गुप्ता, विक्रम गुप्ता, वीरेंदर ठकुराल, एससी सिंगला, सुरेश गोगिआ, राज कुमार गर्ग, कुलदीप कक्क्ड़, गौरव अरोड़ा, प्रतीक शर्मा, अमित गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, महेश गोयल, असितोष बंसल, संदीप ऋषि गुप्ता, संदीप टिवाणा, ओंकार सिंह, अभय वधवा और विपुल गुप्ता सहित शहर के गणमान्यजन उपस्तिथ रहे।

# खेतों में गए किसान की हत्या, खून से लथपथ मिला शव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) खेत** में गए किसान की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव रुकड़ी निवासी गुरनाम सिंह पुत्र सिंगरा राम के रूप में हुई है। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। हत्यारोपी प्रदीप कुमार भी गांव रुकड़ी का रहने वाला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, गुरनाम सिंह गत शाम को अपने खेत में गया था। यहां उसकी गांव के ही रहने वाले प्रदीप के साथ बहस शुरू हुई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि प्रदीप ने गुरनाम सिंह के सिर पर डंडे से वार करने शुरू कर दिए। सिर में गंभीर चोट आने के कारण गुरनाम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। प्रदीप मौके का फायदा उठा फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश में जुटी है।
सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने खून से लथपथ गुरनाम सिंह के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए मुलाना मेडिकल कॉलेज के पोस्टमॉर्टम हाउस में रखवा दिया। आज डाक्टरों ने पैनल ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

# 'परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र उपाय'

## श्रीकृष्ण ने गीता में संदेश दिया है कि कर्म करो फल की चिंता मत करो



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत के** मॉडल टाऊन स्थित सतगुरू धाम में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पूज्य गुरुदेव स्वामी डॉ दिव्यानंद महाराज भिक्षु किया जा रहा है। स्वामी डॉ० दिव्यानंद भिक्षु ने अपने प्रवचन में कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के जन्म जन्मांतरों के पाप कट जाते हैं ,धर्म के मार्ग पर चलने में ही जीवन की सार्थकता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में संदेश दिया है कि कर्म करो फल की चिंता मत करो। हमें सामाजिक व धार्मिक कार्यों में हर संभव योगदान करना चाहिए। कथा में भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा ने शिरकत करते हुए कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसको सुनने से भय,भूख,रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। इसलिए सभी को मन, बुद्धि, चित्त एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यानपूर्वक सुनना चाहिए,अरोड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में धर्म के प्रति भावनात्मक लगाव एवं मनुष्य द्वारा किए गए धार्मिक कार्यों से ही सनातन धर्म का विकास संभव है, उन्होने कहा कि सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र उपाय है।

**भागवत सार**

**श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पूज्य गुरुदेव स्वामी डॉ दिव्यानंद महाराज भिक्षु किया जा रहा**

# मेपल बेयर स्कूल मे मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेपल बेयर** स्कूल, ओमेक्स सिटी सोनीपत में कल श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राधा, कृष्ण व सुदामा की वेशभूषा पहने नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर बच्चों के कुछ प्रतियोगिता कार्यक्रम भी रखे गए। स्कूल की प्रिंसिपल उमा भनोट ने कार्यक्रम में पूरी रुचि दिखाई और बच्चों को भगवान श्री कृष्ण की कुछ लीलाओं का वर्णन करते हुए उन्हें भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उमा भनोट ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बच्चों के अभिभावकों के सहयोग की भी प्रशंसा की। स्कूल के संचालक सुरेंद्र मदान ने बच्चों के मध्य उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और उन्हें कृष्ण और सुदामा के बाल्य काल की मित्रता के रोचक किस्से भी सुनाए जिसे सुनकर नन्हे बच्चे बहुत खुश हुए। सुरेंद्र मदान ने जन्माष्टमी के अवसर पर स्कूल में आयोजित भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल प्रिंसिपल उमा भनोट तथा टीचर्स दीपिका, हिमांशी, ज्योति, रिदम, अमीशा, वर्षा, नितिशा का हार्दिक आभार प्रकट किया।

# उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए जितेंद्र, सुरेंद्र का हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गुरु रत्न** सम्मान सितंबर 2023 वह उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सितंबर 2023 से सम्मानित हुए प्राध्यापक डॉक्टर जितेंद्र कुमार व साथ ही उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सितंबर 2023 से सम्मानित .हुए प्रिंसिपल डॉक्टर सुरेंद्र रोहिल्ला जी का सनपेडा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनपेडा में पहुंचने पर स्कूल स्टाफ द्वारा स्वागत किया गया डॉ जितेंद्र कुमार को गुरु रत्न सम्मान 2023 मानवाधिकार संरक्षण संघ द्वारा रामजस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तथा उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान नटराज थियेट्रिकल गुप व आई सी एस के संयुक्त तत्वाधान में आई सी एस स्कूल मैं आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया उन्हें शिक्षा सामाजिक व पर्यावरण सम्बन्ध मे उनके द्वारा गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया इसके अलावा भी डॉक्टर जितेंद्र कुमार कोराज्य स्तर परजिला स्तर पर सरकारी और गैर सरकारी माध्यमों से उनके द्वारा किए गए शैक्षिक व सामाजिक कार्यों के लिए कई बार सम्मानित किया जा चुका है प्राचार्य डॉ सुरेंद्र रोहिल्ला कोस्कूल में किए गएशानदार बदलाव के कारणव उनकी सकारात्मक सोच के कारण उन्हें यह सामान दिया गया
स्कूल में सीनियर प्राध्यापक राजेश कटारिया जी संजय जी वर्षा जी रेनू जी सुशील जी ममता जी यशपाल जी सत्यपाल की आदि सभी स्टाफ सदस्य उनके स्वागत में मौजूद थे।

## कुलदीप मोर ने राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त कर बढ़ाया कुरुक्षेत्र जिले का मान

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**राज्य शिक्षक** पुरस्कार मिलने में रामगढ़ के प्राथमिक शिक्षक कुलदीप सिंह मोर का स्वागत खण्ड शिक्षा अधिकारी थानेसर में किया गया।जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी इंदू कौशिक ने बताया कि ये खण्ड थानेसर के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि उनके खण्ड के अध्यापक ने अपनी मेहनत ,लग्न और बच्चों को सिखाने के जुनून की बदौलत राज्य शिक्षक अवार्ड मिला है। उन्होंने बताया कि कुलदीप सिंह एक मेहनती और लगनशील अध्यापक है।

# विधायक असीम गोयल ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर के विधायक असीम गोयल ने करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास व उदघाटन कर लोगों को इसकी सौगात देने का काम किया। विधायक ने विकास कार्यों की सौगात के तहत वार्ड नम्बर 7 वाल्मीकि नगर में 20.35 लाख रुपए की लागत से गली निर्माण व पीवीसी वाटर पाईप लाईन का उदघाटन, धूलकोट से जडौत रोड तक 191 लाख रुपए की लागत से सड़क को चौड़ा व सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास, जीटी रोड़ से सुल्तानपुर तक 155 लाख रुपए की लागत से सडक के दोनों तरफ नालों व इंटरलोकिंग टाईल लगाने के निर्माण कार्य का शिलान्यास, मंजी साहिब गुरुद्वारा से सद्दोपुर तक 127 लाख रुपए की लागत से 300 मीटर लंबे नाले व इंटरलोकिंग टाईल लगाने के निर्माण कार्य का शिलान्यास, लोहगढ़ से डंगडैहरी तक 70 लाख रुपए की लागत से सडक को सुदृढ़ करने के कार्य का शिलान्यास तथा नगर निगम द्वारा सद्दोपुर वार्ड नम्बर 2 में 12.93 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन के सामने पार्किंग के निर्माण कार्य व पाला राम के घर से गुगा माड़ी तक 12.66 लाख रुपए की लागत से गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल हैं।

# 'कोरोना काल में टीकाकरण से वंचित बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत ,कमाल हुसैन**
**उपायुक्त** डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बुधवार को लघु सचिवालय में मिशन इंद्रधनुष की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कोरोना काल में टीकाकरण से वंचित बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में आशा वर्कर के स्थान पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं की सहायता ली जाए और इसके लिए दिया जाने वाला मेहनताना भी आंगनबाड़ी कार्यकताओं को उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने इसके लिए मिशन इंद्रधनुष की नोडल अधिकारी डॉक्टर शशी गुप्ता और महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी परमिंदर कौर को आपसी संबंध स्थापित कर हाऊस टू हाउस सर्वे करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल ऑफिसर सभी संबंधित सीडीपीओ के साथ बैठक कर इसकी आगामी रूपरेखा तय करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्राइवेट अस्पताल टीकाकरण हो जाने के बाद उसका पूरा विवरण संबंधित पोर्टल पर डालना भी सुनिश्चित करें। डीसी वीरेंद्र कुमार दहिया ने मिशन इंद्रधनुष को सफलतापूर्वक चलाने के लिए स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जन स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायतीराज, जिला ईंट भा एसोसिएशन सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय और टीम वर्क की भावना से कार्य करने की अपील की। बैठक चौधरी, एसडीएम पानीपत अमरदीप सिंह, एसडीएम समालखा अमित कुमार, डीडीपीओ सुमित चौधरी, सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा सहित विभिन्न संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# गांवों में आयोजित होते रहने चाहिए धार्मिक आयोजन : संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/बाबैन (दलबीर गांव** बुहावी में युवा समाज कल्याण समिति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया ।समिति के प्रधान विकास शर्मा ने बताया कि हर वर्ष को भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर समिति की ओर से कुछ न कुछ किया जाता है । इस बार भी भव्य शोभायात्रा गांव में निकाली गई। वहीं मौके पर पहुंचे प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस प्रकार की आयोजन गांव में होते रहना चाहिए, क्योंकि आज के समय में गांव में कम और शहरों में इस प्रकार के आयोजन अधिक होते हैं। जिसके कारण गांव के लोग इस प्रकार के आयोजनों को देखने से कई बार वंचित रह जाते हैं। परंतु अब गांव भी शहर से किसी प्रकार से कम नहीं है। बल्कि गांव के लोग शहरों से बड़े आयोजन करने में लग चुके हैं। वहीं समिति की ओर से समाजसेवी संदीप गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रामलाल धीमान, संजीव शर्मा, रणधीर सिंह, धर्मबीर, अमन शर्मा, रघुबीर, जतिन शर्मा, रोहतास, कृष्ण चंद शर्मा, सूरजभान, सुखदेव सिंह, विशाल, वेदपाल, जय सिंह आदि मौजूद थे।

# अंबाला शहर कोर्ट परिसर में वकीलों ने वर्क सस्पेंड रखा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** शहर कोर्ट परिसर में वकीलों ने वर्क सस्पेंड रखा। वकीलों की मांग थी कि जब तक उनकी दो मांगे पूरी नहीं हो जाती उनका वर्क सस्पेंड इसी प्रकार जारी रहेगा जिस पर पुलिस अधिकारियों ने भी संज्ञान लिया। पुलिस अधिकारियों का एक शिष्ट मंण्डल वकीलों से मिलने पहुंचा। जिसमें डीएसपी भी शामिल थे। जिसमें वकीलों के साथ हुई वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि कल अवकाश के बाद शुक्रवार से सभी वकील कार्य पर लौटेंगे। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उनकी मांगे मान ली है। शुक्रवार को वकील फिर से अपने कार्य पर लौटेंगें। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से कोर्ट परिसर में हुए हंगामे के चलते वकीलों का वर्क सस्पेंड चल रहा है। जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पड रहा है। गौरतलब है कि दो दिन पहले धोखाधड़ी के मामले में शहर पुलिस थाना इंचार्ज संदीप अपनी टीम के साथ कोर्ट परिसर में पहुंचे थे और वकील नरेंद्र शर्मा को पूछताछ के लिए थाने में ले जाने के लिए आए थे। लेकिन इसी बीच बार एसोसएिशन के प्रधान रोहित जैन ने उन्हे रोक लिया और वकील की गिरफतारी पर विरोध जताया और रोहित जैन व संदीप के बीच तिखी नौंक झौंक हुई। मामले की गर्मा गर्मी के चलते कोर्ट परिसर में वकीलों की भीड़ जमा हो गई और काफी देर तक हंगामा जारी रहा।
इंस्पेक्टर संदीप ने कहा कि वे सिर्फ मामले में पूछताछ के लिए वकील को ले जाने के लिए आए है उन्हे गिरफतार नहीं किया जा रहा है। रोहित जैन ने बताया कि इस मामले की शिकायत उन्होनें सेशन जज को दी जिसके बाद सेशन जज ने एसपी अम्बाला को फोन किया और नरेंद्र शर्मा को छोड़ा गया और पुलिस की टीम वापिस लौट गई। इसके बाद वकीलों ने भी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वर्क संस्पेंड कर दिया था। आज भी कोर्ट परिसर में वकीलों ने वर्क संस्पेंड रखा।



**विरोध**

**वकीलों की मांग थी कि जब तक उनकी दो मांगे पूरी नहीं हो जाती उनका वर्क सस्पेंड इसी प्रकार जारी रहेगा**

# सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा सुन भावविभोर हुए भक्त

## कलयुग में भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर पार हो जाता है और सोया हुआ ज्ञान, वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता हैः गोस्वामी जी











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी** दिल्ली के नरेला में श्री श्याम नवयुवक मंडल की ओर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन नरेला स्थित नई अनाज मंडी में किया जा रहा है। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगीतमय भागवत कथा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। भागवत कथा में पहुंचे पवन खत्री (मोनी) अशोक अमरोही, राम प्रकाश गर्ग, मोहित गुप्ता, आनंद खत्री, कपिल भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, प्रमोद नरवाल का नवयुवक मंडल के पदाधिकारीयों द्वारा पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी जी ने अपने मुखारविंद से कपिल देवहुति होती संवाद, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र की कथा का मार्मिक वर्णन किया।

**ध्रुव चरित्र में भगवान भक्त की तपस्या से हुए प्रसन्नः** ध्रुव चरित्र में भगवान ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। कथा के दौरान गोस्वामी जी ने कई सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि कलयुग में भागवत कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान, वैराग्य कथा



श्रवण मात्र से जागृत हो जाता है। गोस्वामी जी ने माता सती की कथा को विस्तार से बताते हुए कहा कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया। उसमें भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गई। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए।

**महाराज ने सुनाई ध्रुव कथाः** ध्रुव कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े बारिश, आंधी तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रकट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। इस प्रकार कथा का सार है कि भक्त ध्रुव ने भी भक्ति में लीन रहकर उस प्रकाश को पा लिया जिसे पाने के लिए लोग पूरा जीवन तपस्या में लगा देते हैं। कहने का तात्पर्य है कि भगवान अंतयार्मी है, वह सब कुछ देखते जानते हैं। जब-जब भक्तों पर संकट आता है। भगवान उनकी रक्षा के लिए खुद ही आगे आकर उनके दुःखो को हर लेते हैं। कथा दौरान महिलाओं और धर्म प्रेमी लोगों ने भजनों पर नृत्य भी किया। कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

**ये लोग रहे मौजूदः** अर्चित गर्ग, आशु जिन्दल, ऋषभ बंसल, सौरभ गर्ग, मुकुल बंसल, हिमांशु गोयल, ऋषभ गर्ग, राहुल बंसल, आदित्य गुप्ता, हिमांशु गोयल, चिराग गुप्ता, हर्ष मंगला, दीपक कौशिक, गौतम बंसल, कमल, इशांत गर्ग मौजूद रहे।





# अजीत यादव ने किया डिस्पेंसरी के सौन्दर्यीकरण के कार्य का शुभारंभ





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव और वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव के प्रयासों जहांगीरपुरी के बी ब्लॉक मंगल बाजार रोड़ स्थित डिस्पेंसरी के सौंदर्यकरण के कार्य का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर वार्ड-17 के कई गणमान्य लोग मौजद रहे। इस अवसर पर वार्ड नम्बर-17 के निगम पार्षद अजीत यादव का स्थानीय निवासियों ने स्वागत किया और कहा कि निगम पार्षद अजीत यादव वादे के पक्के है, जो वादे निगम पार्षद अजीत यादव ने हम सभी से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है। आज क्षेत्र में विकास ही विकास हो रहा है। इस अवसर पर अजीत यादव ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहता हूं। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने विचार रखे।



सावन पार्क एक्सटेंशन अशोक विहार फेस-3 में नवयुवक रामलीला समिति द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश गुप्ता, निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, प्रेम कुमार विद्यार्थी, एचसी यादव व समिति के पदाधिकारी और अन्य गणमान्य लोग।

# रमेश जोनवाल भाजपा में पुनः हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शकूरपुर** स्थित भाजपा जिला केशवपुरम कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर विरेन्द्र गोयल ने रमेश जोनवाल को पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में पुनः शामिल किया।

इस मौके पर भाजपा पार्टी में शामिल होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रमेश जोनवाल का स्वागत किया।

आपको बतादें कि रमेश जोनवाल भाजपा के मंडल अध्यक्ष सहित कई पदों पर रह चुके है और समाज में भी रमेश जोनवाल की अच्छी पकड़ है।



इस अवसर पर रमेश जोनवाल ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है।

# त्यागराज स्टेडियमः लेक्चरर नीता निझारा स्टेट अवार्ड से हुई सम्मानित



**नई दिल्लीः दिल्ली सरकार** के शिक्षा निदेशालय द्वारा नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित स्टेट अवार्ड समारोह में बाल भारती पब्लिक स्कूल गंगाराम अस्पताल मार्ग, नई दिल्ली की लेक्चरर इंग्लिश नीता निझारा को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने के लिए दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप नीता निझारा को चांदी का मैडल, प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

# जहांगीरपुरीः पेड़-पौधों का हमारे जीवन में है विशेष महत्वः अश्वनी बागड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**समाजसेवी** अश्वनी बागड़ी ने कहा कि पौधारोपण का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए मेरी सभी से अपील है कि सभी पौधारोपण करें और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करें।

उन्होंने आगे बताया कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज्यादा जरूरी है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। साथ



ही पेड़-पौधें से हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण केवल वन विभाग का कार्य हीं नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें और पेड़-पौधों की रक्षा भी करें।

**संरक्षण...**

पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है, यह हम सभी की जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें।

# भलस्वाः पौधारोपण कर धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी दिनेश यादव का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**समाजसेवी** दिनेश यादव का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आपको बतादें कि सुबह से ही उनको बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। इस अवसर पर जहां एक और लोगों ने दिनेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी, वहीं उनकी दीघार्यु की कामना भी की।

इस मौके पर जानकारी देते हुए भलस्वा गांव के समाजसेवी सुनील यादव ने बताया कि 6 सितम्बर 2023 को मेरे प्यारे बड़े भाई दिनेश यादव का जन्मदिन है और





इस दिन को और ज्यादा सुन्दर और विशेष बनाने के लिए मैंने भाई के साथ मिलकर लगभग 60 पेड़ भलस्वा गांव और भलस्वा डेरी में लगाए। इस मौके पर विजय उर्फ गोलू, भाई सुल्तान मलिक, राजेश ,विनोद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और जिन्होंने प्रकृति को सुन्दर बनाने में हमारी मदद की। सुनील यादव ने बताया कि भाइयो, बहुत गर्व का पल है, भारत देश जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है



और धरती माता सदा ऐसे ही सुन्दर और सुरक्षित रहे उसके लिए हम सभी का थोड़ा-थोड़ा योगदान और समर्पण बहुत जरुरी है। उन्होंने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें।

उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जहां एक और हमें फल और छाया देते है, वहीं इनसे हमें कई प्रकार की औषाधियां भी प्राप्त होती है।

इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें और दूसरों को भी पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर दिनेश यादव ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

# हरियाणा को ड्रग्स फ्री करने का संकल्प ले युवा: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 1 सितंबर को मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा करनाल से रवाना की गई साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन) का फरीदाबाद जिले की सीमा खोरी जमालपुर गांव में प्रवेश करने पर पुलिस आयुक्त राकेश आर्य व उपायुक्त विक्रम सिंह, ज्वाइंट सीपी ओमप्रकाश नरवाल, एडीसी आनंद शर्मा एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल अमित मान व भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने अधिकारियों के



साथ यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा महिलाएं में बच्चे भी यात्रा का स्वागत करने के लिए उमड़े। यात्रा का स्वागत करने के पश्चात सभी अधिकारियों व युवाओं ने साइकिल रैली में हिस्सा लिया। देश और प्रदेश हित में नशे की चैन तोड़ना हम सबकी जिम्मेदारीः सीपी राकेश आर्य

पुलिस आयुक्त राकेश आर्य ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने यह अनूठी मुहिम चलाई है ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके। देश और प्रदेश के विकास में युवा पीढ़ी का अहम योगदान है, युवा पीढ़ी नशे जैसी बीमारी से दूर रहते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। नशा मुक्ति के खिलाफ एकजुट प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा पीढ़ी को नशे से संरक्षित रखने के लिए विशेष मुहिम चलाई है। हम सबको मुहिम का हिस्सा बनकर नशे को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर देश-प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

नशा करता है सामाजिक, शारीरिक, मानसिक व आर्थिक पतन : डीसी विक्रम सिंह

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए एक सराहनीय शुरूआत की, जिसे नियमित रूप से किया जाना चाहिए। नशा मुक्ति से युवाओं को खेल व रचनात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अब साइकिल यात्रा के माध्यम से नशा विरोधी अभियान चलाया है।

# यमुनानगर : एक राष्ट्र, एक चुनाव देश हित में क्रांतिकारी कदम : कटारिया

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

वन नेशन वन इलेक्शन, प्रधानमंत्री मोदी का वोट की राजनीति से ऊपर उठकर देश और समाज के हित में लिया गया एक शानदार निर्णय होगा, यह शब्द कहे भाजपा नेत्री बंतो कटारिया ने। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी "एक देश एक चुनाव" पर कमेटी का गठन कर देश में सकारात्मक राजनीति की दिशा में एक कदम और बढ़ा दिया है।

उन्होंने कहा कि इससे सरकारी तंत्र पर पड़ने वाले अतिरिक्त बोझ को कम किया जा सकता है। देश में चुनाव पर बेताशा खर्च को भी कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने



बताया कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त होगी और केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों और कार्यक्रमों में निरंतरता आएगी।

उन्होंने कहा की बार-बार लगने वाली आचार संहिता के दौरान लोक कल्याण के कार्यों में आई रूकावटों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुआ करते थे। परंतु अलग-अलग समय पर विधानसभाओं और लोकसभा के कई बार भंग होने के कारण यह क्रम टूट गया। अनेकों बार इसे दुरुस्त करने के लिए विचार हुआ, परंतु कोई सहमति नहीं बन पाई। उन्होंने कहा कि 1999 में विधि आयोग की एक रिपोर्ट में देश में एक साथ चुनाव कराने पर जोर दिया गया था। उन्होंने कहा कि देश का चुनाव आयोग पहले ही देश में एक साथ चुनाव कराने की अपनी तैयारियों का खुलासा कर चुका है। उन्होंने बताया कि यदि सभी प्रक्रियाओं की पूरा कर लिया जाता है तो यह एक क्रांतिकारी कदम होगा और प्रधानमंत्री मोदी का वोट की राजनीति से ऊपर उठकर देश और समाज के हित में लिया गया, एक ओर सराहनीय निर्णय होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम ब्रांच 56 ने चोरी के मुकदमे में आरोपी को किया गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने चोरी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम मोहित (23) है जो मेवात का रहने वाला है और फिलहाल सेक्टर 58 स्थित बापू नगर झुग्गी में रह रहा था। 2 अगस्त को कोतवाली थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने रोज गार्डन के बाहर से एक स्कूटी चोरी की थी। कोतवाली थाने में शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। 4 सितंबर को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को देसी कट्टे सहित गिरफ्तार कर लिया जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्कूटी चोरी की वारदात के बारे में पुलिस को जानकारी दी जिसके पश्चात पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी भी बरामद कर ली गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी चोरी के दो-तीन मुकदमे दर्ज हैं और वह जेल की सजा भी कट चुका है। पुलिस पूछताछ पूरे होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### सरसों में उत्कृष्ट अनुसंधानों के लिए एचएयू को सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवार्ड से नवाजा गया

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय को सरसों अनुसंधान एवं विकास कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ केन्द्र अवार्ड से नवाजा गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने बुधवार को बताया कि यह अवार्ड राया-सरसों अनुसंधान निदेशालय द्वारा जम्मू में आयोजित अखिल भारतीय राया एवं सरसों अनुसंधान कार्यकताओं की वार्षिक बैठक में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक महानिदेशक (तिलहन व दाल) डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने प्रदान किया।

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के तिलहन वैज्ञानिकों की टीम ने हाल ही में सरसों की आरएच 1424 व आरएच 1706 नामक दो नई उन्नत किस्में विकसित की है। पैदावार व तेल की मात्रा में ये दोनों किस्में बहुत बेहतरीन है जो सरसों उगाने वाले राज्यों में तिलहन उत्पादकता बढ़ाने में बहुत सहायक होगी। उन्होंने इस उपलब्धि पर तिलहन वैज्ञानिक डॉ. रामअवतार सहित उनकी टीम को बधाई दी। साथ ही भविष्य में इसी प्रकार गुणवत्ताशील अनुसंधान जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

अनुसंधान निदेशक डॉ. जीतराम शर्मा ने उम्मीद जताई कि सरसों की यह नई किस्में अपनी विशिष्ट विशेषताओं के कारण सरसों उत्पादक राज्यों में बहुत लोकप्रिय होंगी। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि सरसों अनुभाग के वैज्ञानिकों की टीम अब तक राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर 21 किस्में विकसित कर चुकी है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में विकसित की गई किस्म आरएच 725 हरियाणा के अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली व बिहार राज्यों में बहुत लोकप्रिय है, जिसकी किसान 25-30 मण प्रति एकड़ आसानी से उपज प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, तिलहन अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. करमल सिंह सहित डॉ. श्वेता मलिक, डॉ. दलीप, डॉ. विनोद गोयल, डॉ. राकेश, डॉ. निशा कुमारी व डॉ. महाबीर मौजूद रहे।

### खटकड़ टोल पर होने वाले महासम्मेलन में हिसार से पहुंचेंगे हजारों लोग

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के 200वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल आर्य महासम्मेलन की तैयारियां जोरों पर है। इसी कड़ी में बुधवार को स्वामी आर्यवेश तथा स्वामी आदित्यवेश तथा आयोजन समिति के सदस्य हिसार के गुरुकुल धीरणवास में पहुंचे और जिले के प्रतिष्ठित आर्य जनों के साथ बैठक का आयोजन किया।

### पलवल : अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर कंटेनर चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

राष्ट्रीय राजमार्ग - 19 पर गदपुरी गांव के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से कंटेनर चालक की मौत हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान कराई और परिजनों को सूचना दी। गदपुरी पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम बुधवार को परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिला एटा (उत्तर प्रदेश) के सोरखा गांव निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका भाई इंद्रपाल कंटेनर चलाता था।

# देश और प्रदेश हित में नशे की चैन तोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी : सीपी

**साईकिल रैली**

**युवाओं-विद्यार्थियों ने साईकिल पर सवार होकर साईकिल रैली में हिस्सा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 01 सितंबर 2023 को करनाल से साइक्लाथोन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था जो यह साइकिल यात्रा आज फरीदाबाद पहुंची जहां फरीदाबाद जिले की सीमा खोरी जमालपुर गांव में प्रवेश करने पर



पुलिस आयुक्त राकेश आर्य व उपायुक्त विक्रम सिंह, ज्वाइंट सीपी ओमप्रकाश नरवाल, डीसीपी सेंट्रल पूजा वशिष्ठ, एडीसी आनंद शर्मा, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, डीपीपी एनआईटी नरेंद्र कादियान, डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल, एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार, एसीपी ओल्ड विष्णु प्रसाद, एसीपी मुजेसर सुधीर तनेजा, एसीपी एनआईटी महेश श्योराण, एसीपी बल्लभगढ़ मुनीश सहगल, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम बड़खल अमित मान व अन्य अधिकारियों के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में युवा महिलाएं में बच्चे भी यात्रा का स्वागत करने के लिए उमड़े। यात्रा का स्वागत करने के पश्चात सभी अधिकारियों व युवाओं ने साइकिल रैली में हिस्सा लिया। साईकिल यात्रा गांव खोरी जमालपुर, धौज, पाली फरीदाबाद, बल्लबगढ़ बस स्टैंड, अनाज मण्डी, झाड्सेतली, सीकरी और गद्दपुरी गांव सहित सभी गांवों में नशा विरोधी नारे लगाते हुए फरीदाबाद उद्योगिक नगरी से गुजरी, जिसका लोगों ने हर्षोल्लास के साथ अभिनंदन किया। साईकिल मैराथन का कई स्थानों पर छात्रों, महिलाओं व नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया और पुष्प वर्षा की । साईकिल यात्रा में आम जनमानस ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। लोगों ने जोरदार नारे लगाते हुए साईकिल संदेश वाहकों को प्रोत्साहन दिया। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर युवाओं-विद्यार्थियों ने साईकिल पर सवार होकर साईकिल रैली में हिस्सा लिया, जिससे काफिला जुड़ता चला गया।

आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने यह अनूठी मुहिम चलाई है ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाया जा सके।

देश और प्रदेश के विकास में युवा पीढ़ी का अहम योगदान है, युवा पीढ़ी नशे जैसी बीमारी से दूर रहते हुए अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए।

# राज्यस्तरीय साइक्लोथोन यात्रा में राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे शामिल

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। नशा उन्मुलन हेतु हरियाणा सरकार द्वारा एक मुहीम साइक्लोथोन यात्रा राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसने आज दिनांक 06.09.2023 बुधवार को फरीदाबाद जिले में प्रवेश किया` इसी मुहीम में राजकीय महाविद्यालय से ठउउ (अ१८), ठउउ (ठं५') व ठरर के विद्यार्थियों ने भी इस साइकल यात्रा में भाग लिया` महाविद्यालय से विद्यार्थियों को इस साइकल यात्रा में भाग लेने के लिए प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर ने रवाना किया तथा इस साइक्लोथोन के उद्देश्य तथा नशे से दूर रहने के विषय में



विद्यार्थियों को प्रेरित किया` स्टाफ सदस्यों में डॉ. सबीना सिंह, ठउउ अ१८ ह्लल्ल के अठड डॉ. राजेन्द्र कुमार, ठउउ ठं५' ह्लल्ल के उळड श्री अमित अरोडा, ठरर प्रभारी श्री अंकित कौशिक व श्री शशि कुमार आदि ने छात्रों को कॉलेस से रवाना किया` साइकल यात्रा के प्रभारी डॉ. विवेक आनन्द, श्री अमित अरोडा व डॉ. रोहित विद्यार्थियों के साथ जिला प्रशासन के साथ बल्लबगढ से इस साइक्लोथोन में शामिल हुए ` विद्यार्थियों में हिमांशु, जय प्रकाश व रोशन ने विद्यार्थियों के साथ इस साक्लोथोन में हिस्सा लिया`

### हिसार : कार की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय परिसर में एक कार की टक्कर से बुलेट सवार एक छात्र की मौत हो गई। युवक एक दिन पहले ही बुलेट बाइक खरीदकर लाया था।

बताया गयाक कि भिवानी जिले के सांगवान गांव का निवासी सूरज विश्वविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। परिवार में उसके मां-बाप व बहन है। उसके पिता पुलिस विभाग में कार्यरत है। सूरज ने एक दिन पहले ही दिल्ली से बुलेट बाइक खरीदी थी। बुधवार सुबह छात्र सूरज अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था।

विश्वविद्यालय परिसर में टीचिंग ब्लॉक नंबर सात के पास आगे चल रही कार के अचानक मुड़ने छात्र की बाइक कार से टकरा गई।

# भारत विकास परिषद् गोविन्द शाखा एवं बल्लबगढ़ शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भारत विकास परिषद् गोविन्द शाखा एवं बल्लबगढ़ शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन विद्या संस्कार इंटरनेशनल स्कूल बल्लबगढ़ में किया गया जिसमे करीब दस स्कूलों ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन श्री दीपक यादव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपने देश, संस्कृति एवं इतिहास के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्या अतिथि सरस्वती ग्लोबल स्कूल की निदेशक श्रीमती कमलेश माहेश्वरी ने कहा की ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में एक नयी ऊर्जा का संचार होता है और देश के प्रति उनका प्रेम बढ़ता है और भारत विकास परिषद् इस क्षेत्र में काफी कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक श्री गौरव गुप्ता जी एवं परम सानिध्य श्री अनुभव माहेश्वरी जी ने भारत विकास परिषद् के कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गोविन्द शाखा के अध्यक्ष श्री अजय शर्मा , कोषाध्यक्ष श्री रमन कुमार सूद , महिला संयोजिका श्रीमती नीरू गोयल , उपाध्यक्ष श्री राम भरद्वाज , कार्यक्रम संयोजक श्री डी के सिंह , श्री नेत्रपाल सिंह , श्री एस एस रावत, श्री शिव कुमार शर्मा , श्री प्रदीप शर्मा , श्री अमित त्यागी , श्री संजीव दीक्षित , श्री सुगन धनवंतरी ,श्री राजेश भरद्वाज , श्रीमती अंजू शर्मा , श्रीमती अंशुका सूद , श्रीमती विनीता सिंह , श्रीमती धनवंतरी , श्रीमती शशि भारद्वाज, श्रीमती ललिता शर्मा ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बल्लबगढ़ शाखा से अध्यक्ष श्री अनुज गुप्ता , सचिव श्री योगेश सिंगला , कोषाध्यक्ष श्री सौरभ गर्ग और कार्यक्रम संयोजक श्री मुकेश शर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की,

इस अवसर पर कार्यक्रम सूत्रधार श्री सिद्धार्थ डागा ने कार्यक्रम संचालन किया। इस अवसर पर विद्या सागर स्कूल की प्रधान अद्यापिका श्रीमती सुनीता यादव एवं उनके स्टाफ ने कार्यक्रम को सुनिश्चित तरीके से कराने के लिए पूरा सहयोग किया।

# सर्वांगीण विकास शिक्षा का मुख्य उद्देश्य : के. के. गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद फैकल्टी ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज और मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा पत्रकारिता एवं जनसंचार, विसुअलकम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया एवं सोशल वर्क के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का तीसरा दिन भारत की गौरवशाली ज्ञान परम्परा पर केन्द्रित रहा।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि इंडक्शन प्रोग्राम के तीसरे दिन मुख्या वक्ता के रूप में



अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. के. के. गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बालाजी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के निदेशक जगदीश चौधरी ने भारत की गौरवशाली ज्ञान परम्परा पर छात्रों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से संवाद किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. के. के. गुप्ता ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली में सीखने और शारीरिक विकास दोनों पर ध्यान केंद्रित किया। सर्वांगीण विकास भारतीय शिक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। भारतीय शिक्षा प्रणाली ज्ञान, परंपराएं और प्रथाएं मानवता को प्रोत्साहित करती हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रसिद्धि थी जिसमें मैत्रेयी, ऋतम्भरा, गार्गी और लोपामुद्राआदि जैसे नाम प्रमुख थे। बोधायन, कात्यायन, आर्यभट्ट, चरक, कणाद, वाराहमिहिर, नागार्जुन, अगस्त्य, भर्तृहरि, शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद जैसे अनेकानेक महापुरुषों ने भारत भूमि पर जन्म लेकर अपनी मेधा से विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा के समिद्ध हेतु अतुल्य योगदान दिया है।

अनुसंधान एवं ज्ञान के परिदृश्य में पूरा विश्व तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है।

# अच्छे संस्कारवान युवा की नशावृति से बचाव पहली निशानी : विधायक नरेंद्र गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अच्छे संस्कारवान युवा की नशावृति से बचाव पहली निशानी होती है। वहीं पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि नशा मुक्ति अभियान चलाकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनता को सकारात्मक दृष्टिकोण का संदेश देने का काम किया है। आज बुधवार को दोपहर साइक्लोथॉन/ साईकिल रैली के सम्मान और नशे के विरोध में बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को विधायक अपना संदेश दे रहे थे।

फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अच्छे संस्कार नशे से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका है, हमें पक्का विचार करते हुए नशे जैसी बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकना है। समाज के हर वर्ग को इस नशा मुक्ति के पुनीत कार्य में अपनी आहुति देनी चाहिए।

पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार व संगठन द्वारा निरंतर नशे के खिलाफ युवा शक्ति में नई चेतना लाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का हर नागरिक आज हरियाणा को बड़े गौरव के साथ देखता है,क्योंकि हरियाणा राज्य में अच्छे मेडल विजेता खिलाड़ी हैं, बहादुर सैनिक हैं, अच्छे वैज्ञानिक हैं, मेहनती किसान व श्रमिक हैं। ये सभी अपने अपने क्षेत्रों में देश और विदेशों में हरियाणा का मान बढ़ा रहे हैं। नशे का




हरियाणा की संस्कृति से कोई मेल नहीं हैं।

युवा पीढ़ी नशे से दूर रहे : डीसीपी राजेश दुग्गल

इस अवसर पर डीसीपी राजेश दुग्गल ने भी युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें युवा पीढ़ी को नशे की लत लगाकर देश को खोखला करना चाहती हैं,देश और प्रदेश को ड्रग्स फ्री बनाने के लिए हमें नशे की बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है,साथ ही सरकार द्वारा जारी टोल फ्री 9050891508 नम्बर पर नशे संबंधी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने साइक्लोथॉन में भाग ले रहे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। डीसीपी राजेश दुग्गल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा गलत दिशा में लगाते हैं। जिससे वे नशे की लत में पड़ जाते हैं। इसलिए युवा वर्ग की ऊर्जा का संचालन उचित दिशा में करने की जरूरत है, जिसके लिए उन्हें जागरूक करना होगा।

साइक्लोथॉन रैली का फरीदाबाद के बल्लभगढ़ सोहना रोड पर कई पंचायतों ने अपने गांवों में नशा रोकने की पहल करते हुए नशा विरोधी जागरूकता मुहिम चलाकर सरकार और प्रशासन का गर्मजोशी से स्वागत और सहयोग किया है। इसे मुहिम को आगे बढ़ाते हुए बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आयोजित जनसभा में नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलवाई गई। जहां सूचना, जनसंपर्क,भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने गीत-रागिनियों के माध्यम से समा बांध कलाकारों ने मनोहारी प्रस्तुतियां दी। वहीं स्कूली विद्यार्थियों और कलाकारों ने गीतों की प्रस्तुतियों से लोगों को नशा विरोधी संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सूचना, जनसंपर्क विभाग के जिला कार्यालय की भजन मंडलियों ने की। भजन पार्टी टीमों ने रागिनियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की भी अपील की।

कार्यक्रम में इन गणमान्य व्यक्तियों की रही उपस्थितिइस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, ज्वाइंट सीपी ओपी नरवाल, डीसीपी राजेश दुग्गल, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के भाई टिपर चंद शर्मा, महामंत्री मूलचंद मित्तल, एडीसी आनन्द शर्मा, एसडीएम परमजीत चहल, एसडीएम त्रिलोक चंद, डीआईपीआरओ राकेश गौतम सहित अन्य अधिकारी और भाजपा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने यात्रा में शामिल सभी का स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लंच करने के बाद पलवल जिला के लिए यह यात्रा रवाना हुई।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# मूलचंद प्रधान की स्मृति दिवस पर 'मूलचंद प्रधान प्याऊ' का हुआ शुभारंभ

**क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियों ने दर्ज कराई उपस्थिति, मूलचंद प्रधान के कार्यों, उनके व्यक्तित्व को किया गया याद, सरोज अस्पताल के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन, संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का भी हुआ आयोजन**



















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** आदर्श नगर विधानसभा के केवल पार्क इलाके में एक ऐसा नाम जिनके कामों को आज भी याद किया जाता है। जी हाँ हम बात कर रहे हैं समाजसेवा का दूसरा नाम मूलचंद प्रधान के बारे में। मूलचंद प्रधान अपने आप में एक जीवंत संस्था थे। उनके दर से कभी कोई खाली हाथ नहीं गया। हर किसी के सुख-दुख में शामिल होना उनकी आदत का एक अभिन्न हिस्सा था। 5 सितंबर 2023 को उनकी सातवीं पुण्यतिथि मनाई गई। केवल पार्क स्थित जनता भवन में श्रद्धांजलि सभा के साथ साथ लोगों की सुविधा के लिये निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर केवल पार्क में 'मूलचंद प्रधान प्याऊ' का भी शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य जाँच शिविर में स्थानीय लोगों ने अन्य जाँचों के साथ ही कैंसर की भी जाँच करवाई।

**आज 7 वर्ष बीत चुके हैं उस पुण्य आत्मा को:** मूलचंद प्रधान को परलोकगमन हुए 7 वर्ष बीत चुके हैं लेकिन आज भी उनका अंदाज, व्यक्तिव, सामाजिक कार्य सभी को प्रेरणा देते हैं। काबिलेगौर है कि उसी कार्यशैली, सामाजिक कार्यों और धार्मिक व्यवस्थाओं को मूलचंद परिवार निरंतर रूप से आगे बढ़ा रहा है जिसकी बानगी एक बार फिर देखने को मिली। उनके सुपुत्र अरविंद मूलचंद प्रधान ने अपने पिता की कभी कमी नहीं खलने दी। सभी को साथ लेकर चलना और अपने पिता की ही तरह सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना अरविंद मूलचंद प्रधान की भी आदत बन चुकी है।



## भावना मूलचंद प्रधान ने पिता के कार्यों को किया याद

**इस** विशेष मौके पर भावना मूलचंद प्रधान ने अपने पिता मूलचंद प्रधान के कार्यों को याद करते हुए उनसे जुड़े कुछ संस्मरण सभी के साथ साझा किए। उत्तर प्रदेश के छोटे से गाँव से दिल्ली आकर सफलता का परचम लहराना कोई आसान बात नहीं थी। घर में हुई चोरी में सब कुछ गँवा देना, कर्ज लेकर फिर शुरूआत करना और शीर्ष तक पहुँचना मूलचंद प्रधान के संघर्षमय जीवन को भी रेखांकित करता है। हनुमान जी के अनन्य भक्त रहे मूलचंद प्रधान जी ने अपने अंतिम श्वास भी मंगलवार के दिन हनुमान जी का टीका लगने के बाद हो छोड़े थे। इसके अलावा कई अन्य पहलुओं पर भी बेटी भावना ने प्रकाश डाला।

**मनाई गई मूलचंद प्रधान की 7वीं पुण्यतिथि:** मूलचंद परिवार ने प्रधान मूलचंद जी की 7वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर जनता भवन केवल पार्क, आजादपुर में मूलचंद प्रधान प्याऊ का उद्घाटन किया। मूलचंद परिवार ने पूजा-पाठ के बाद नारियल फोड़कर प्याऊ का उद्घाटन किया। इस विशेष मौके पर क्षेत्र का जानी-मानी राजनीतिक, सामाजिक हस्तियों के साथ-साथ उनके चाहने वाले लोग भी मौजूद रहे।

**संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन:** मूलचंद प्रधान की 7वीं स्मृति दिवस पर श्री हनुमान मंदिर केवल पार्क में संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया।

**स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन:** मूलचंद प्रधान की 7वीं स्मृति दिवस पर केवल पार्क वेलफेयर एसोसिएशन के नेतृत्व में सरोज सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रोहिणी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का मूलचंद प्रधान मैमोरियल डिस्पेंसरी में आयोजन हुआ। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की मौजूदगी में फिजिशयन कंसलटेशन, आई चेकअप, ईसीजी, ब्लड शुगर जांच के साथ-साथ मरीजों को कैंसर से संबंधित परामर्श भी दिया। आपको बता दें कि मूलचंद प्रधान की हर वर्ष उनकी पावन स्मृति दिवस पर मूलचंद परिवार उनकी याद और समाज के प्रति उनकी समर्पण भावना और सामाजिक उत्थान को देखते हुए कार्यक्रम का आयोजन करता हैं।

**ये लोग रहे मौजूद** : पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, नेता सदन मुकेश गोयल, पूर्व केशवपुरम जिलाध्यक्ष राजुकमार भाटिया, पूर्व निगम पार्षद नीलम बुद्धिराजा, गुरमीत अरोड़ा सह संयोजक, दिल्ली नगर निगम, चंद्रशेखर शर्मा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, अनुराग गर्ग, पूर्व निगम प्रत्याशी सहित भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।












**जयप्रकाश यादव, पूर्व विधयाक आदर्श नगर:** मूलचंद प्रधान से मेरे लंबे समय से ताल्लुकात थे। वे सामाजिक व्यक्ति तो थे ही साथ ही यारों के यार और जिंदादिल इंसान थे। सामाजिक कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए न दिन देखते थे न रात। यही कारण है कि आज जब मूलंचद परिवार ने इस कार्यक्रम को रखा तो लोग उस पुण्यआत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने दौड़े चले आए।



**मुकेश गोयल, नेता सदन, दिल्ली नगर निगम:** मूलचंद प्रधान एक कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उनकी कमी मुझे सदैव खलती रहेगी। सामाजिक कार्यों के लिए दिन-रात प्रयत्नशील रहते थे और जो कार्य अपने हाथों में ले लेते थे उसे अमलीजामा पहना कर ही दम भरते थे। उनके व्यक्तित्व की अमिट छाप हम सबके मन-मस्तिष्क पर है। ऐसी पुण्यआत्मा को मैं शत-शत नमन करता हूं।



**राजकुमार भाटिया, पूर्व केशवपुरम जिलाध्यक्ष:** मूलचंद प्रधान का व्यक्तित्व अनूठा था। हर किसी से दिल खोलकर बातें करना और उसके सुख-दुख में शामिल होना उनकी आदतों में शुमार था। उनके व्यक्तित्व की अमिट छाप हम सबके मन-मस्तिष्क पर है। ऐसे आत्म को मैं शत-शत नमन करता हूं।



**नीलम बुद्धिराजा, पूर्व निगम पार्षद:** मूलचंद प्रधान सामाजिक व्यक्ति थे, जिनकी कार्यशैली से सभी प्रभावित थे। मूलचंद प्रधान ने हमेशा ही समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। यही कारण है कि आज उनके स्मृति दिवस पर समाज के सभी व्यक्ति दौड़े चले आए। मूलचंद परिवार भी मूलचंद प्रधान के दिखाए हुए मार्ग पर चल रह है।



**नत्थूराम नागर, पूर्व चेयरमैन सिविल लाई जोन:** मूलचंद प्रधान सामाजिक कार्यों को परस्पर रूप से लागू करने में यकीन रखते थे। परस्पर सहानुभूति और सद्भावना को मूलचंद प्रधान ने हमेशा बढ़ावा दिया और सामाजिक उत्थान के लिए अनगिनत कार्य किए। उनके इस कार्यशैली से सभी प्रभावित थे और हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।



**रवि भारद्वाज, समूह संपादक, एक्शन इंडिया:** मूलचंद प्रधान जी की याद में आयोजित हुआ ये कार्यक्रम बहुत खास है। इस बार उनकी याद में स्वास्थ्य जाँच शिविर के साथ साथ मूलचंद प्रधान प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। इसकी जितनी तारीफ की जाये वो कम है। हम सभी के लिए मूलचंद जी प्रेरणास्त्रोत रहे हैं।



**अरविंद मूलचंद, प्रधान, केवल पार्क आरडब्ल्यूए:** पिताजी की 7वीं पुण्य आत्मा पर आप सभी महानुभावों का आना और मूलचंद प्रधान प्याऊ के उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने पर मैं आप सबका आभार प्रकट करता हूं। साथ ही आप सबको यकीन दिलाता हूं कि जो कार्य पिताजी ने शुरू किए थे, उन्हीं सामाजिक कार्यों को मूलचंद परिवार आगे बढ़ता रहेगा।



**चंद्रशेखर शर्मा:** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य को समाज से अलग करना संभव नहीं, कुछ इन्हीं विचारों को मूलचंद प्रधान ने आत्मसात किया हुआ था। मूलचंद प्रधान ने हमेशा सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाया। मूलचंद प्रधान जी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं जो समाज में बेहतरी के लिए कार्य करते थे।



**गुरमीत अरोड़ा, सह संयोजक, दिल्ली नगर निगम:** मूलचंद प्रधान ने हमेशा ही समाज के उत्थान में अपना योगदान दिया। मूलचंद प्रधान के कार्यों से क्षेत्र का हर कोई वाकिफ है। मूलचंद जी ने सामाजिक कार्यों के लिए न दिन देखा न रात। कोई भी उनके दर से खाली हाथ नहीं लौटता था। मूलचंद प्रधान जी हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं जो समाज में बेहतरी के लिए कार्य करते थे।



**अनुराग गर्ग, पूर्व निगम प्रत्याशी:** समाज जहां व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करता है वहीं उसकी क्षमताओं की स्वाभाविक प्रगति की पहलकदमी भी करता है। मूलचंद प्रधान समाज के इस व्यवहार से भली-भांति वाकिफ थे और समाज के उत्थान के लिए दिन-रात प्रयासरत थे। यहीं कारण है कि आज उनके स्मृति दिवस पर मूलचंद परिवार ने मूलचंद प्रधान प्याऊ का उद्घाटन किया।